

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





**मैं आंधी नहीं हूं, खिलाड़ी पर सवाल उठा तो झुंझला गए ब्रेंडन मैकुलम**

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से वित्त विभाग के अंतर्गत लेखा...**



शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • गुरूवार • 22 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 73 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62,740 | ₹75,700 |

## आज का इतिहास

- 1958 : भारत के विख्यात राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी और साहित्यकार अबुल कलाम अहमद आज़ाद का 70 वर्ष की आयु में निधन हुआ।
- 1999 : भारत के प्रख्यात अर्थशास्त्री जगदीश भगवती कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति अर्थव्यवस्था केंद्र के प्रमुख पद पर नियुक्त हुई।

## न्यूज बाइट्स

### सरस्वती पूजा में बवाल पर नीतीश सरकार की सख्ती

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के गृह विभाग ने मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्तों से अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हाल ही में सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों या लोगों के समूहों के बीच हुई झड़पों की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने 20 फरवरी को सभी संभागीय आयुक्तों को लिखे पत्र में कहा कि धार्मिक जुलूस निकालने की अनुमति देने के लिए जारी दिशानिर्देशों का संबंधित अधिकारियों द्वारा सख्ती से पालन नहीं किया गया। पत्र में कहा गया है कि इस साल सरस्वती पूजा के अवसर पर कुछ स्थानों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती गई, फलस्वरूप विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई। इसमें कहा गया है कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान कुछ घटनाएं प्रकाश में आयी है। उक्त घटनाएं स्थानीय प्रशासन द्वारा विभागीय निदेशों के अनुपालन में शिथिलता/लापरवाही को दर्शाती है।

### केके पाठक ने 28 फरवरी को बुलाई कुलपतियों की बैठक

**पटना (नि.सं.)।** बिहार शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच तकरार बढ़ गई है। विश्वविद्यालय अधिकारियों के शिक्षा विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने से रोक के तीन दिन बाद ही विभाग ने कुलपतियों, कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों की बैठक 28 फरवरी को बुलाई है। बैठक विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की अध्यक्षता में विभागीय सभागार में होगी। विभाग ने विश्वविद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि बैठक में विलंबित परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य सत्रों की समय पर परीक्षा आयोजित करने की समीक्षा होगी। इसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने कुलपतियों, कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों को पत्र भेजा है।

### किसान आंदोलन में युवक और एसआई की मौत

**चंडीगढ़ (नि.सं.)।** पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों ही जगहों पर किसान और पुलिस के बीच टकराव चल रहा है। पुलिस रबड़ बुलेट और आंसू गैस के गोले छोड़कर किसानों को रोक रही है। इधर खनौरी बॉर्डर पर एक युवा किसान की मौत हो गई है। किसान पंजाब के बठिंडा का रहने वाला था। उसके अलावा 12 अन्य किसान भी घायल हैं, इनमें से दो की हालत गंभीर है। वहीं टोहाना बॉर्डर पर तैनात एसआई विजय कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया- किसान आंदोलन के दौरान कुछ लोगों ने धान की पराली में आग लगाकर और मिर्ची डाल दी। इसके बाद पुलिस पर हमला कर दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की अंतिम समीक्षा

# उम्मीदवार 14 गाड़ियों से कर सकेंगे चुनाव प्रचार

» सभी राजनीतिक दलों को दी जाएगी ईवीएम की जानकारी » चुनाव में होने वाले खर्च पर नजर रखने का निर्देश

- चुनाव आयोग ने मनी पावर को रोकने के लिए बड़ी तैयारी की है। उन्होंने नेपाल सीमा के आसपास एसएसबी, स्टेट पुलिस, रेवेन्यू, कस्टम, एयरपोर्ट अथॉरिटी आदि को चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है।




निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को ही पटना पहुंच चुकी है। बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की अंतिम समीक्षा की। समीक्षा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बिहार में वोटिंग का औसत राष्ट्रीय औसत से कम रहा है, जबकि बिहार एक जागरूक राज्य है, हमने यहां वोटिंग का औसत बढ़ाने का फैसला किया है। बिहार में वरिष्ठ नागरिकों को घर से बूथ तक लाने का प्रयोग 2020 में किया गया था, इस मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए उत्पाद विभाग की मदद ली जाएगी, रेलवे, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, एक्साइज, जीएसटी के साथ काम पहले से जारी है, जिला प्रशासन की मदद मिलती ही है। सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधा मिलेगी, इससे संबंधित शिकायत के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार माना जाएगा, हम हर हाल में राजनीतिक दलों को समान सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईबीएम की डिटेल्स राजनीति दलों को दी जाएगी, हर एक मूवमेंट की जानकारी होगी, काउंटिंग के समय में इसका मिलान कर सकते हैं। उम्मीदवार को अब प्रचार करने के लिए 5 की जगह 14 गाड़ियों की सुविधा मिलेगी। लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग ने बिहार राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक की। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों में सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

बुधवार को समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी, बिहार के साथ लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इसके बाद प्रदेश की 20 इनफोर्समेंट एजेंसियों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त ने सभी अधिकारियों को चुनाव में होने वाले खर्च पर नजर रखने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्य सचिव, बिहार, पुलिस महानिदेशक, बिहार, सामान्य प्रशासन, गृह, स्वास्थ्य, वित्त एवं वाणिज्य-कर, शिक्षा एवं चुनाव से संबंधित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव के साथ बैठक की गयी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने को कहा गया।

### बिहार में 7.79 लाख नए वोटर पहली बार डालेंगे वोट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बिहार में 7.79 लाख नए वोटर पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट डालेंगे। बुजुर्ग वोटरों के लिए निर्वाचन आयोग की टीम उनके घर जाएंगी, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। वहीं, आमलोग सुविधा पोर्टल के माध्यम से सुझाव भी दे सकते हैं। निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदाता सूची त्रुटिपूर्ण ना रहे। इसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिहार में कुल 7.46 करोड़ मतदाता हैं। इसमें 100 साल से ज्यादा उम्र वाले वोटरों की संख्या 21 हजार के करीब है। 1.6 करोड़ मतदाता 20 से 29 साल के हैं। राज्य में 7631 वैसे ट्राइबल मतदाता हैं, जिन्हें मतदान प्रक्रिया से जोड़ना जरूरी है। लोकसभा चुनाव में कई बूथ ऐसे होंगे, जहां सिर्फ महिलाएं जिम्मेदारी सभालेंगी। बूथ पर हर सुविधाएं दी जाएगी। बुजुर्ग वोटरों के घर तक निर्वाचन आयोग की टीम जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी तथा सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके प्रति सजग एवं तत्पर रहें।

# जेईई-नीट फ्री-कोचिंग में अब पढ़ायेंगे सरकारी शिक्षक



निज संवाददाता | पटना

### 29 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

शिक्षक बोर्ड की ओर से जारी इस लिंक coaching.biharboard online.com/TeacherForm/ TeacherForm पर जा कर 29 फरवरी तक आवेदन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद बोर्ड उनमें से शिक्षकों को शॉर्टलिस्ट करेगा। शॉर्टलिस्ट की जानकारी उन्हें 9 मार्च तक दे दी जाएगी। जिन्हें 18 मार्च को एक थ्योरी डेमो क्लास देना होगा। निशुल्क शिक्षण कार्य के लिए चयनित शिक्षकों को उनको मिलने वाली कुल वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि प्रोत्सान मानदेश के रूप में दी जाएगी।

बिहार बोर्ड की ओर से आयोजित मुफ्त कोचिंग में पढ़ने के लिए अब सरकारी शिक्षकों से भी आवेदन मांगे गए हैं। तमाम छात्रों को इंजीनियरिंग मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स विषय के शिक्षकों को आवेदन करने के लिए कहा गया है। बोर्ड के द्वारा यह भी शर्त रखी गई है कि वैसे शिक्षक जिन्होंने न्यूनतम एक वर्ष तक किसी कोचिंग संस्थान में जेईई, नीट के बच्चों को पढ़ाया है। वैसे ही शिक्षा के समय आवेदन कर सकते हैं।

### इन स्कूलों में होगा निःशुल्क कोचिंग का संचालन

पटना में इस निशुल्क कोचिंग का संचालन राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर में किया जाएगा। इसके अलावा इस निशुल्क कोचिंग का संचालन बीबी कॉलेजिएट मोतीझील मुजफ्फरपुर, विशेश्वरी सेमिनार उच्च माध्यमिक विद्यालय छपरा, जिला स्कूल नाका नं.06 के पास दरभंगा, जिला स्कूल, समाहरणालय रोड सहरसा, जिला स्कूल भट्टा बाजार पूर्णिया, जगलाल उच्च विद्यालय भागलपुर, जिला स्कूल छोटी कालीबाड़ी मुंगेर और हरिदास सेमिनरी प्लस टू स्कूल गया।

### नौ जिलों में चलेगी निःशुल्क कोचिंग

बिहार बोर्ड की ओर से पटना मुजफ्फरपुर छपरा दरभंगा सहरसा पूर्णिया भागलपुर मुंगेर और गया में इस निशुल्क कोचिंग का कार्यक्रम मार्च और अप्रैल महीने से शुरू कर दिया जाएगा। वर्ष 2024 में मैट्रिक परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को मुक्त कोचिंग में एडमिशन दिया जाएगा। करीब 100 छात्रों को मुफ्त में कोचिंग दी जाएगी।

### समक्षता परीक्षा के लिए बढ़ाई गई आवेदन करने की तिथि

बिहार बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली नियोजित शिक्षकों के लिए साक्षमता परीक्षा के लिए भी आवेदन करने की तिथि 22 फरवरी तक बढ़कर कर दी गई है। बिहार बोर्ड की ओर से कहा गया है की परीक्षा में शामिल होने वाले वैसे शिक्षक जो मैट्रिक उत्तीर्ण के बाद दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। वैसे परीक्षित अभ्यर्थियों को 22 फरवरी तक साक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म व परीक्षा शुल्क भरना होगा।

### आवेदन शुल्क जमा करने के लिए दिया गया अंतिम समय

बोर्ड की ओर से वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने परीक्षा का फॉर्म तो भर दिया है लेकिन अब तक शुल्क जमा नहीं किया है। उनको भी 22 फरवरी तक परीक्षा शुल्क भरने का अवसर दिया गया है। 22 फरवरी तक शुल्क जमा नहीं करने वाल अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द कर दिया जायेगा। अब तक दो लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।

पांच घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य के करीब पहुंची सरकार

# मुख्यमंत्री ने किया 3618 पथों एवं पुलों का उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग की करीब साढ़े चार हजार करोड़ से निर्मित 3618 सड़कों एवं पुलों का उद्घाटन किया। इसके लिए संकल्प में एक समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं का उद्घाटन रिमोट से किया। ग्रामीण कार्य विभाग की इन सड़कों की संख्या 3590 एवं पुलों की संख्या 28 है।

इनमें मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1735.814 करोड़ रुपये लागत की 1583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2576.070 करोड़ रुपये की 1977 पथों तथा राज्य योजना अन्तर्गत 134.304 करोड़ रुपये की लागत से 30 पथों एवं 17 पुलों का उद्घाटन शामिल है। 2005 में सरकार में आने के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लक्ष्य रखा था कि सड़कों एवं पुलों का निर्माण इस स्तर पर हो कि राज्य के किसी भी हिस्से से लोग अधिकतम छह घंटे में राजधानी पहुंच जाएं। यह लक्ष्य पूरा हुआ। अब छह के बदले पांच घंटे में पटना पहुंचने की योजना पर काम चल रहा है। इन सड़कों और पुलों के बन जाने से पांच घंटे में पटना पहुंचने का लक्ष्य करीब हो गया है।\ ग्रामीण कार्य विभाग के तहत भी कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007-08 में लगभग 1390 करोड़ रुपये था वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11569 करोड़ रुपये हो गया। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कम आबादी वाले बसावटों एवं टोलों को सड़क संपर्क देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि नई सड़कों का नियमित रख-रखाव हो। क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण पथों के उन्नयन के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना 2023 से शुरू है। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने हरित गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से एक लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण कार्य के अभियंता प्रमुख भगवत राम आदि शामिल हुए।

## बिहार में बिगड़ा मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ हुआ बारिश

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने तीन दिन तक उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों में आंधी, वज्रपात और मेघगर्जन के साथ बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान कुछ जगहों पर ओले भी गिरने के आसार हैं। दरभंगा समेत आसपास के जिलों में बुधवार अलसुबह आंधी के साथ बारिश हो रही है। पटना मौसम केंद्र ने बुधवार सुबह पश्चिम चंपारण, वैशाली और समस्तीपुर जिले के लिए भी तात्कालिक येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी पूर्वानुमान के मुताबिक मध्य पाकिस्तान और पंजाब में पश्चिमी विक्षोभ अब चतक्रवात परिसंचरण में बदल गया है। उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी बांग्लादेश के ऊपर भी बना हुआ है।

# ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर ड्राइवर समेत नौ छात्रों की मौत

निज संवाददाता | लखीसराय

लखीसराय में रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। 9 लोगों की मौत हुई है। 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। हादसे में 8 स्टूडेंट्स थे, जो पार्ट टाइम में कैटरिंग का काम करते थे। सभी की उम्र 18 से 24 साल के बीच थी। सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की भी मौत हो गई है।

हादसा मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र के झुलौना गांव के पास एनएच-30 पर हुआ। टक्कर के बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक की सदर अस्पताल में इलाज कराने के दौरान मौत हुई है। सभी मुंगेर जिले के जमालपुर के रहने वाले थे। सिकंदरा में कैटरिंग का काम खत्म कर लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। यहां से ट्रेन पकड़कर अपने घर मुंगेर जाने वाले थे। सिकंदरा से लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए ऑटो रिजर्व किया था। बुधवार दोपहर 2 बजे 6 एंबुलेंस में आठ नौजवानों का शव गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए। सभी 6 एंबुलेंस को जमालपुर-धरहरा मुख्य मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच रखकर जाम कर दिया। वहीं सड़क पर टायर में आग लगाकर विरोध प्रदर्शन कर हंगामा करने लगे। ग्रामीण एवं परिजनों का कहना है कि इतना बड़ा हादसा हो गया, सरकार केवल 20000 और 3000 रुपए दे रही है।

## माफिया राज खत्म करने को लेकर पुलिस को दिया फ्री-हैंड

**पटना (नि.सं.)।** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार से बालू, शराब और जमीन से जुड़े माफियाओं को खत्म करना है। 80 फीसदी क्राइम का जड़ यही है। जब तक इनका खात्मा नहीं होगा, बिहार तरक्की नहीं करेगा। पुलिस को फ्री हैंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने डीजीपी को बुलाया और उनसे कहा है- मुझे हर हालत में बिहार में लॉ एंड ऑर्डर अच्छा चाहिए। हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी इस मुद्दे पर बात की। सीएम से साफ शब्दों में मैंने कहा है कि लॉ एंड ऑर्डर के मामले में आप किसी की बात नहीं सुनिए। किसी भी हाल में बिहार में कानून का राज कायम होना चाहिए। बुधवार को बिहार भाजपा एनआरआई सेल की ओर से पटना में 'द मोदी कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया।

## पेटीएम की जगह दूसरी कंपनियों के स्कैनर रखने लगे कारोबारी

**पटना(नि.सं.)।** पेटीएम पेमेंट बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक( आरबीआई ) की कार्रवाई का असर इसके यूपीआई पेमेंट एप पर भी पड़ा है। पेमेंट बैंक के यूपीआई एप की बाजार हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है। आरबीआई की कार्रवाई का फायदा उठाने के लिए पेटीएम की प्रतिस्पद्धी कंपनियों के कर्मचारी खूब प्रयास कर रहे हैं। शहर के बड़े बाजारों, शोरूम, दुकानों में पेटीएम की जगह दूसरी कंपनियों के क्यूआर कोड स्कैनर भी लगने लगे हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शहर के 75 से 80 प्रतिशत दुकानों में जहां पेटीएम स्कैनर लगे थे, वहां अब दूसरी कंपनियों के क्यूआर कोड स्कैनर लग गए हैं।

# कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना



राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के 24वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला-सह-जनजातीय कृषक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किसानों का समृद्ध होना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती को अपनाने से उनकी आय दुगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों के परिश्रम से ही हमें खाने को अन्न मिलता है। वे प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर खेती करना जानते हैं और खेत ही उनका प्रयोगशाला होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं करने के बावजूद अच्छी उपज होती थी, परन्तु बाद में इनके प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति का ह्रास होने लगा। रासायनिक खाद खरीदने के लिए किसान कर्ज के जाल में फँसते चले गए। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती से जमीन की उर्वरा शक्ति एवं कृषि उत्पादकता दोनों में वृद्धि होती है। इस खेती के लिए देशी गाय का गोबर, गोमूत्र एवं स्थानीय रूप से उपलब्ध अन्य चीजों से निर्मित खाद का उपयोग किया जाता है। इस खेती में लगभग 27 प्रतिशत कम लागत आता है जबकि उत्पादकता में 52 प्रतिशत की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर, कृषि विश्वविद्यालयों एवं अन्य संबंधित संस्थानों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा इसके लिए किसानों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कृषि पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने स्थापना दिवस व्याख्यान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चैधरी एवं बेहतर कृषि कार्य के लिए किसानों को भी सम्मानित किया।

# चंपाई सोरेन ने 24 हजार अबुआ आवास की दी सौगात 80 बसों के साथ शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना

निज संवाददाता | रांची



चंपाई सोरेन ने झारखंड की राजधानी रांची समेत कई जिलों के लोगों को अबुआ आवास और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की सौगात दी। अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृत पत्र का वितरण समारोह ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित हुआ। यहीं से सीएम चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ भी किया। झारखंड के मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुभारंभ के अवसर पर अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी सौंपा। श्री सोरेन ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री आवास बने। प्रधानमंत्री ने बड़ी-बड़ी बातें कीं। झारखंड से भी प्रधानमंत्री आवास के लिए लिस्ट भेजी गई। लेकिन, केंद्र सरकार ने झारखंड को पैसे देने से मना कर दिए। तब जाकर हमारे तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तय किया कि हम अपने दम पर झारखंड के लोगों को पक्का मकान बनाकर देंगे। झारखंड में कोई भी व्यक्ति टूटे-फूटे मकान में न रहे। कच्चे मकान में उन्हें न रहना पड़े। इसलिए हमारे युवा सम्राट अबुआ आवास योजना लेकर आए। इसके लिए सरकार 2 लाख रुपए देगी। प्रधानमंत्री आवास में लोगों को दो कमरे का मकान मिलता है, हमारी सरकार ने तीन कमरे का मकान देने का वादा किया है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गांव और शहर की दूरी मिटा देगी। लोगों को शहर जाने में दिक्कत न हो, इसलिए इस योजना की शुरुआत हुई है। इसमें स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों को भी टिकट के पैसे नहीं देने होंगे। इससे गांव में रहने वाले गरीबों का शहर आना और वहां से लौटना आसान हो जाएगा।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।


डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
Apply Online : www.bayc.in


डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### तेयार के युवक ने रोह की युवती से परिजनों के मर्जी के खिलाफ रचाई शादी



**रजौली।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबिगहा गांव के एक मंदिर में शादी कर रहे एक प्रेमी जोड़े को डायल 112 की टीम ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।थाना परिसर में प्रेमी जोड़े एवं परिजनों द्वारा जमकर हंगामा हुआ।लड़की के परिजनों द्वारा लाख समझाने बुझाने के बाद भी लड़की,लड़के के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही।प्रेमी जोड़े में रहे युवक तेयार गांव एवं युवती रोह थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।डायल 112 की पुलिस टीम ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा उन्हें दूरभाष के माध्यम से एक युवक द्वारा जबरन शादी की सूचना मिली।सूचना के आलोक में डायल 112 की टीम लक्ष्मीबिगहा गांव के मंदिर पहुंची एवं शादी कर लिए युवक एवं युवती को थाना ले आई।थाना में युवती ने बताई कि वे तीन वर्षों से तेयार के एक युवक से प्रेम कर रही थी।इसी बीच उन्होंने परिजनों के मर्जी के विरुद्ध जाकर शादी करने का फैसला लिया है।साथ ही कही कि वह बालिग है और अपने जीवन के फैसले खुद ले सकती है।लड़की के दोटूक जवाब सुनने के बाद उसके परिजनों ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया किन्तु लड़की के प्रेम के आगे मां-बाप का प्रेम फीका पड़ गया।

युवती ने युवक के साथ ही रहने की बात कही।वहीं प्रेमी कहा कि वो शादी के लिए अपने घर से हरदिया स्थित अपनी फूआ घर आया था।इसी बीच उसने लक्ष्मीबिगहा गांव के मंदिर में भगवान को साक्षी मानकर अपनी प्रेमिका से शादी रचा ली।वहीं प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि डायल 112 की पुलिस द्वारा एक प्रेमी जोड़े को थाना परिसर लाया गया था।युवक और युवती दोनों बालिग थे एवं उन्होंने एक-दूसरे से शादी भी रचा ली थी।साथ ही कहा कि युवती के परिजनों द्वारा कानूनी कार्रवाई हेतु आवेदन नहीं दिया गया है।किसी प्रकार के लिखित शिकायत नहीं मिलने के बाद युवती अपने प्रेमी के साथ थाना परिसर से चली गई।

### 50 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के गढ़ दिबौर से अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने 50 लीटर चुलाई महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया।प्रभारी थानाध्यक्ष सह अपर थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में शराबबंदी को लागू करने व मधनिषेध को प्रभावशाली बनाने तथा शराब-सेवन,बिक्री,भंडारण तथा परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी की जा रही है।साथ ही कहा कि गुप्त सूचना के आलोक में गढ़ दिबौर में छापेमारी की गई।इस दौरान कुल 50 लीटर शराब बरामद किया गया।वहीं मौके से दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान गढ़ दिबौर निवासी पप्पू चौधरी एवं शंकर चौधरी के रूप में हुई है।साथ ही कहा कि दोनों शराब धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों शराब धंधेबाजों को बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### राज्यसभा सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में जश्न

**नवादा।** महागठबंधन के राजद प्रवक्ता मनोज झा एवं संजय यादव तथा कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह को राज्यसभा सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्यक्त करते हुए महागठबंधन कार्यकर्ता एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव कांग्रेस का वरिष्ठ नेता महेंद्र प्रसाद शर्मा प्रमोद यादव हरि यादव सुनील यादव रामानुज सिंह कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नवलेश कुमार उर्फ चूटर सिंह राजीव कुमार पुतुल जितेंद्र यादव कुलदीप यादव परमेश्वर मंडल ने नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह मनोज झा संजय यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।

### वाहन जांच के क्रम में पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिसकर्मी जख्मी

**नवादा।** वाहन जांच के नाम पर बाइक सवार से रुपये वसूलने वाले पुलिस दल पर युवक ने हमला कर दिया। हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गया। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसकी बाइक जब्त कर ली। घटना नगर थाना क्षेत्र के बाबा का ढाबा के पास का बताया जा रहा है।आरोपी युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह गांव के रविन्द्र प्रसाद के बेटे मनीष कुमार के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि घटना के वक्त गोंदापुर टीओपी की पुलिस वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बाबा का ढाबा के समीप वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच हड्डी गोदाम की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक सवार को वाहन जांच के लिए रोका गया। पुलिसकर्मियों ने उससे बाइक की डिक्की दिखाने के लिए कहा, लेकिन वह बाइक की जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ और पुलिसकर्मियों से उलझ गया। इस बीच गोंदापुर टीओपी प्रभारी एएसआई सतीश कुमार वर्मा ने बाइक चालक को समझाने की कोशिश की लेकिन उसने पुलिसकर्मियों मारपीट करने लगा और उनके हथियारों को छीनने की कोशिश करने लगा। इस बीच अतिरिक्त पुलिसबलों की मदद से उसे दबोच लिया गया। टीओपी प्रभारी वर्मा द्वारा इस मामले में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। दर्ज कांड संख्या 274/24 में आरोपित के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस पर हमला कर घायल कर देने और पुलिस के हथियार छीनने का आरोप लगाया गया है। दोनों घायल जवानों रामुन चौधरी और इंद्रजीत कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आगामी 15 मार्च से होगी गेहूं की खरीद, 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य निर्धारित

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** सरकार के निर्देश पर आगामी 15 मार्च से किसानों से गेहूं की खरीद की जायेगी. इसका सरकारी समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. एफसीआई के द्वारा गेहूं का खरीद कार्य किया जायेगा. किसानों को 48 घण्टे के अंदर गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते के माध्यम से कर दिया जायेगा. बुधवार को फफौत एवं खोदावंदपुर पंचायत में आयोजित किसान जन सम्वाद एवं जागरूकता कार्यक्रम में यह जानकारी दी गयी. रवि विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद के लिए यह रणनीति बनायी गयी है. इस संबंध में जानकारी देते हुए समस्तीपुर खाद्य निगम के अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य डेढ़ सौ रुपया अधिक निर्धारित किया गया है.उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद कार्य को लेकर राहुल कुमार को खरीद प्रभारी और राजेश कुमार भुगतान प्रभारी बनाया गया है. खाद्य निगम के अधिकारी ने बताया कि खाद्य निगम द्वारा रजिस्टर्ड किसानों से ही गेहूं की खरीद की जायेगी. जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से किसानों से सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने का अनुरोध किया गया. इस मौके पर गेहूं अधिप्राप्ति के लिए ऑन स्पॉट किसानों का पंजीकरण भी किया गया. कार्यक्रम में खोदावन्दपुर पंचायत के उपमुखिया कामेश्वर महतो, किसान पवन शाह, बबलू शाह, अमरजीत कुमार, सरोज कुमार, प्रवीण कुमार, बैजनाथ महतो समेत अनेक किसान मौजूद थे.

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने विभागीय कार्यों का किया समीक्षा

निज संवाददाता। **नवादा**



नवीन कुमार पाण्डेय जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं 15वीं वित्त से प्राप्त अनुदान की राशि से व्यय में खराब प्रदर्शन वाले मुखिया एवं संबंधित कर्मियों और पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण एवं प्रतिवेदन की मांग की। सात निश्चय योजना अंतर्गत नल जल एवं नाली गली योजना के लिए डब्लूआईएमसी को हस्तांतरित राशि के संदर्भ में विस्तृत वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया। खराब प्रदर्शन वाले ग्राम पंचायतों का प्राथमिकता के आधार पर कार्यालय निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा में पाया गया कि कुल 182 पंचायतों में से मात्र 49 पंचायतों के ही 4 वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कार्य पूर्ण या प्रारंभ किया गया है। अब तक कुल 1911 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। इन 1911 अधिष्ठापित सोलर लाइट में से निम्नलिखित ग्राम पंचायतों द्वारा अब तक भुगतान नहीं किया गया है जिससे सामग्री आपूर्ति ने देरी हो रही है। ग्राम पंचायत भीखमपुर, कोशीरुखी, मरूई, मडरा, नजरडीह, छनौन (रोह प्रखंड), ग्राम पंचायत सरौनी, मंझिला, दरावां छबैल, पाली, सेखोदेवरा (कौआकोल प्रखंड), ग्राम पंचायत धेवधा (पकरीबरावां प्रखंड), ग्राम पंचायत पचरूखी, बलिया बुजुर्ग, बकसंडा (अकबरपुर प्रखंड), ग्राम पंचायत दोसुत (वारसलीगंज प्रखंड) साथ ही, अब तक मात्र 1400 लाइट के संदर्भ में ही ज्वाइंट इन्सपेक्शन कमीशनिंग रिपोर्ट जिला को समर्पित किया गया है। निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर भी प्रखंड स्तर पर मात्र 196 लाइट की प्रविष्टि की गई है जबकि विभागीय समीक्षा पोर्टल पर प्रविष्ट किए गए आंकड़ों के आधार पर ही की जाती है। स्पष्ट है कि इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में हर स्तर पर लापरवाही की जा रही है जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव, एजेंसी इत्यादि से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। एक सप्ताह से अंदर लंबित भुगतान नहीं होने, अधिष्ठापन कार्य में प्रगति नहीं होने, श्रप्ब्त् रिपोर्ट समर्पित नही करने एवं निश्चय सॉफ्ट पर सम्पूर्ण प्रविष्टि नही होने पर सभी संबंधितों पर निश्चित रूप से कारवाई की जायेगी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि नवादा जिले में 11 पंचायत ऐसे है जिनके द्वारा 15वीं वित्त से प्राप्त अनुदान से राशि से 20 प्रतिशत से भी कम व्यय किया गया है जो अत्यंत ही खेदजनक है, इसमें सकरपुरा 19.9 प्रतिशत (अकबरपुर प्रखंड), सरकंडा 17.31 प्रतिशत (गोविंदपुर), जमुआरा 8.85 प्रतिशत एवं सैदापुर गोवासा 10.17 प्रतिशत (नरहट), दतरौल 15.92 प्रतिशत एवं बुधौली 15.04 प्रतिशत (पकरीबरावां), जोगियामारन 15.46 पतिशत एवं रजौली पूर्व 3.91 प्रतिशत (रजौली) चौकियां 8.75 प्रतिशत (सिरदला) एवं बाघी बरडीहा 11.5 प्रतिशत एवं दोसूत शून्य प्रतिशत (वारसलीगंज) शामिल है। इन सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण एवं प्रतिवेदन की मांग की गई है।

मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अंतर्गत नल जल एवं नाली गली योजना से संदर्भ में विस्तृत रिपोर्ट संधारित नहीं पाया गया जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि डब्लूआईएमसी को हस्तांतरित की गई राशि का पूर्ण रूप से व्यय किया गया है या नहीं। सभी लेखापाल एवं पंचायत सचिव से ग्राम पंचायतों द्वारा डब्लूआईएमसी को हस्तांतरित राशि एवं अद्यतन दर्ज मापी पुस्त की राशि के आलोक में पंचायत वार एवं वार्ड वार विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की गई है। अगर डब्लूआईएमसी से वसूलनीय राशि का कोई भी मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित डब्लूआईएमसी को नोटिस निर्गत करते हुए एक सप्ताह के अंदर राशि की वसूली सुनिश्चित करने और ऐसे नही होने पर नीलम पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया।

**परिवार नियोजन स्वास्थ्य दिवस में 29 महिलाओं ने कराई जांच**

## मेला में जांच के दौरान स्वास्थ्यकर्मी एवं गर्भवती महिला

निज संवाददाता। **रजौली**



मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार एवं हरदिया पंचायत अवस्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पीएचसी प्रभारी डॉ सौरभ निराला के नेतृत्व में परिवार नियोजन स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।प्रभारी डीएस ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार नियोजन स्वास्थ्य दिवस सह परिवार नियोजन स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाता है।इस दौरान हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर हरदिया में 8 महिलाओं व अनुमंडलीय अस्पताल में 21 महिलाओं ने चिकित्सकों से परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारियां ली।साथ ही कुछ महिलाओं ने पांच से दस वर्ष गर्भधारण से बचने हेतु कोपर्टी लगवाई।वहीं कुछ महिलाओं ने तीन माह तक गर्भधारण से बचने हेतु अंतरा नामक इंजेक्शन ली।साथ ही कुछ महिलाओं ने सप्ताह में तीन दिन उपयोग करने वाली छाया नामक गर्भनिरोधक दवा ली एवं दर्जनों महिलाओं ने प्रत्येक दिन प्रयोग किये जाने वाले माला-इन गर्भनिरोधक दवा व कंडोम का वितरण किया गया।पीएचसी प्रभारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर योजना विगत दो-तीन वर्षों से प्रत्येक माह के 9 तारीख को आयोजित हो रहा है।जिसमें गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है।ठीक उसी प्रकार प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार नियोजन से सम्बंधित परिवार नियोजन स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने की शुरुआत की गई है।जो भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ साथ जनसंख्या नियंत्रण को लेकर श्रेयकर साबित होगा।पीएचसी प्रभारी ने बताया कि समाज में गलत धारणा फैली हुई है कि पुरुषों के नसबन्दी से उनका पुरुषार्थ प्रभावित होगा।जबकि नसबन्दी से पुरुषों के पुरुषार्थ पर किसी प्रकार का कोई असर नहीं पड़ता है।बिहार सरकार ने पुरुषों को नसबन्दी कराने को प्रेरित करने के लिए प्रत्येक लाभार्थी को 3000 रुपया का प्रावधान है।साथ ही महिलाओं के बंध्याकरण की तुलना में पुरुषों को बहुत कम शारीरिक तकलीफ होता है।वहीं प्रभारी डीएस ने बताया कि परिवार नियोजन एवं प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर योजना में चिकित्सकों से परामर्श लेने वाली महिलाओं को बिना रजिस्ट्रेशन शुल्क लिए जांच किया जाता है।इसके लिए मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने वाले कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए हैं।मौके पर डॉ राघवेन्द्र भारती,डॉ सतीश चन्द्र सिन्हा,परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह,लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,जीएनएम अनिल कुमार,अर्चना कुमारी,पुनीता कुमारी,शियमनी कुमारी एवं दर्जनों एएनएम छात्राओं के अलावे अन्य स्वास्थ्यकर्मीगण उपस्थित थे।

**छापेमारी में ठगी के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण, मोबाइल व कस्टमर डेटा बरामद**

## दो अलग-अलग गांवों से छह साइबर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। **नवादा**

जामताड़ा बनने के कगार पर नवादा को साइबर अपराधियों से मुक्ति दिलाने के लिए अब एसपी ने कमान सम्भालते हुए सर्जिकल स्ट्राइक शुरू किया है। इसको लेकर डीएसपी मुख्यालय सह साइबर थानाध्यक्ष कल्याण आनन्द के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साइबर अपराधियों का हब बन चुका जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसुदा और शाहपुर ओपी क्षेत्र के पार्वती गांव में सघन छापेमारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार के पास से ठगी में इस्तेमाल किये जाने वाले मोबाइल, कस्टमर डाटा तथा अन्य आपत्तिजनक कागजात के साथ कई अन्य उपकरणों को बरामद किया गया। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी मुख्यालय कल्याण आनन्द ने बताया कि एसपी अम्बरीष राहुल के दिशा-निर्देश पर साइबर अपराधियों पर कार्रवाई को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है, जिसके बाद वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसुदा गांव में छापेमारी कर 4 तथा शाहपुर ओपी क्षेत्र के पार्वती गांव से 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 11 मोबाइल, 18 पेज का कस्टमर डेटा, एक आधार कार्ड, एक कैमरा, 6 छोटी-छोटी कॉपी, जिसमें मोबाइल नंबर अंकित तथा एक गेट पास साथ कई अन्य उपकरणों को बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार जिस उद्देश्य से साइबर थाना का स्थापना किया है, उसको लेकर जिले में साइबर अपराधियों को जड़-मूल समाप्त करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है। थानाध्यक्ष आनंद ने बताया कि गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बैंकों से लोन दिलाने के नाम पर किया जा रहा था ठगीः- साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों के द्वारा धनी फाइनेंस, बजाज फाइनेंस तथा एसबीआई के नाम पर लोन दिलाने के नाम राज्य ही नहीं बल्कि, देश के अन्य राज्यों के लोगों को अपना शिकार बनाता था। साइबर डीएसपी ने बताया कि इसको लेकर साइबर थाना में कांड संख्या-14/24 एवं 15/24 दर्ज कर गिरफ्तार कुल 6 साइबर अपराधियों को अभियुक्त बनाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गठित एसआईटी में साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी कल्याण आनंद, इंस्पेक्टर संजीत सिंह, एसआई रविरंजन, स्वाट टीम के अलावा सिपाही दिनेश कुमार यादव, नीतीश कुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार तथा शुशील कुमार शामिल थे। **गिरफ्तार साइबर अपराधियों की सूचीः-** छापेमारी के दौरान गिरफ्तार अपराधियों में जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसुदा गांव निवासी मुस्लिम शाह के 22 वर्षीय पुत्र इम्तियाज शाह, अर्जुन चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार, रामचन्द्र महतो के 22 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार तथा मिथिलेश प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र रामाशष कुमार के अलावा शाहपुर ओपी क्षेत्र के विजय उर्फ विजय प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के रंजीत रजक के 19 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार शामिल है। लगातार साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान जारी रहने से साइबर अपराधियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## नगर परिषद की शोभा बढ़ा रही फॉगिंग मशीन, नहीं हो रहा दवा का छिड़काव

निज संवाददाता। **नवादा**



फॉगिंग मशीन जिले के हसुआ नगर परिषद कार्यालय की शोभा बढ़ा रही है, लेकिन दवा का छिड़काव करने में उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। संपन्न परिवार के लोग तो मच्छर निरोधक दवा तथा मच्छरदानी का उपयोग करते हैं लेकिन गरीब परिवार के लोगों को जाग कर रात बितानी पड़ती है। शहर के कई जगहों पर कूड़े कचरे का अंबार लगा है। इसके कारण कीड़े-मकोड़े के साथ ही मच्छरों का साम्राज्य कायम रहता है। ऐसा भी नहीं कि नगर परिषद कार्यालय में पर्याप्त फॉगिंग मशीन नहीं है। इस कार्यालय में 2 बड़ी एवं 4 छोटी मशीन उपलब्ध हैं। एक ओर तो मौसम में हो रहे अचानक बदलाव के कारण लोग परेशान हैं तो दूसरी ओर मच्छरों के प्रकोप से बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों तथा क्लिनिकों में प्रतिदिन बीमार लोग आ रहे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि हमलोग नगर परिषद को टैक्स देते हैं लेकिन कोई सुविधा नहीं मिलती है। मालूम हुआ है कि फॉगिंग मशीन पड़ा हुआ है लेकिन दवा का छिड़काव नहीं हो रहा है। सुबह से शाम तक मच्छरों का आतंक फैला हुआ है और नगर परिषद का रवैया एकदम उदासीन है। पूछे जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ में कार्यरत डॉक्टर अबू सहमा का कहना है कि मच्छर से मलेरिया, फाइलेरिया तथा डेंगू रोग होने की संभावना रहती है।सबसे ज्यादा परेशानी गंदगी से होती है। गंदगी के कारण डायरिया तथा टायफाइड जैसी खतरनाक बीमारी होने की संभावना होती है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार ने कहा कि दवा का छिड़काव आरंभ कराया जाएगा। यह सही है कि पहले स्वीपर से छिड़काव कराया जाता था लेकिन उससे संभव नहीं हो पा रहा है। अब इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा इसके लिए अलग से स्वच्छता अधिकारी की बहाली की गई है और उन्हें निर्देश दिया गया है कि किसी प्रकार की भी लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा की शहर के कुछ जगहों पर रात के अंधेरे में ठेला लगाने वाले लोगों के द्वारा अवैध रूप से कूड़ा कचरा फैलाया जा रहा है वैसे लोगों को जल्द चिन्हित करके उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब से पुलिस ने बरामद किया शव ,परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले में तालाब से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। परिजनों हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव क़ो तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है। सिरदला और रजौली थाने की पुलिस समेत रजौली डीएसपी मौके पर पहुंचकर शव क़ो कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्रखंड क्षेत्र के लौंद एवं चमोथा ग्राम के बघार के पास का है। मृतक की पहचान सिरदला थानाक्षक्षेत्र के नरौली बडग़ांव ग्राम निवासी 48 वर्षीय भोला सिंह के रूप में किया गया है। बताया गया है कि मृतक अपने गांव में नहीं बल्कि लौंद बाजार में हीं किराए के एक मकान में रहता था।

**मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोपः-** मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक रविवार की शाम से हीं गायब था ,जिसकी काफी खोजबीन किया गया। परिवारजनों के यहां पता किया लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं मिली और बुधवार की सुबह तालाब में शव मिला है।

परिजनों ने हत्या कर शव क़ो तालाब में फेंक देने का आरोप लगा रहे हैं। कहा गया कि हत्यारों द्वारा साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के बाद हत्या के कारणों का होगा पता :-** घटनास्थल पर पहुंचे रजौली डीएसपी पंकज कुमार ने मुआयना किया और कहा कि प्रथम दृष्टया तालाब में डूबकर मरने की बात सामने आ रही है। क्योंकि शव के शरीर पर चोट का निशान नहीं है। परिवार वाले हत्या का आरोप लगाया रहे हैं।

अभी लिखित रूप से आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन के आधार और पुलिस अनुसंधान तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा किया जा सकेगा ।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, नीम के पेड़ में झूलता मिला शव

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में धुरिहार गाँव के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बुधवार कि सुवह जब ग्रामीण गाँव स्थित आहर के समीप शौंच एवं अपने खेत को देखने के लिए निकले तो आहर के डंगरे पर लगे नीम के पेड़ में एक युवक का शव लटका हुआ देखा। शव देखने के बाद उपस्थित लोगों नें शोर कर गाँव के अन्य लोगों को बुलाया। शव मिलने कि घटना क्षेत्र में आग कि तरह फैल गयी। खबर सुनकर धुरिहार, शिवनारायण बिगहा छतिहर सहित आस - पास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और हिसुआ पुलिस को घटना कि जानकारी दिया। शव मिलने कि सुचना पाते हीं हिसुआ पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को निचे उतरवाया । निचे उतारने के बाद मृत युवक कि पहचान शिवनारायण बिगहा निवासी नंदकिशोर चौहान का 22 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में किया गया। मृतक किस कारण वश आत्महत्या किया यह परिजन भी नहीं बता पा रहे हैं । युवक का शव देखकर परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस नें परिजनों के बयान लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेज दिया ।

## सदन में गूंजा खनवां पॉलिटेक्निक के नामकरण का मामला

निज संवाददाता। **नवादा**



बिहार केशरी बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जन्मस्थली खनवां में स्थापित राजकीय पॉलीटेक्निक का नामकरण करने का मामला मंगलवार को नवादा से स्थानीय निकाय के लोकप्रिय विधान पार्षद अशोक कुमार यादव के द्वारा यह मामला को उठाए जाने से खनवां ग्रामीणों में काफी प्रश्नता देखी जा रही है . नवादा स्थानीय क्षेत्र से विधान पार्षद अशोक कुमार यादव ने मंगलवार को बिहार विधान परिषद में शून्यकाल में यह मामला उठाया . उन्होंने कहा है की श्रीबाबू की शख्शियत एक राष्ट्रीय धरोहर है और इसलिए उनकी जन्मस्थली नवादा जिला के खनवा गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजकीय पॉलीटेक्निक की स्थापना की है . स्थापनाकाल के समय से ही स्थानीय जनप्रतिनिधि खनवां पंचायत के तत्कालीन मुखिया शंकर रजक के द्वारा भी संबंधित मंत्री से मुलाकात कर पत्र के माध्यम से मांग रखी गई थी तब से खनवां ग्रामीणों के द्वारा इस संस्थान के नामकरण श्रीबाबू के नाम पर करने की मांग करते रहे हैं. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी और उनके मंत्री पुत्र संतोष कुमार सुमन ने खनवां दौरा के दौरान बाबू के भारत रत्न देने की मांग के साथ सूबे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार से इस आशय का अनुरोध किया था परंतु मांझी जी की निजी रुचि एवम प्रभावकारी प्रयास के बाबजूद ये मांग अधर में लटकी हुई है . श्रीबाबू के बंशज देवेंद्र प्रसाद शर्मा ने विधान पार्षद अशोक यादव को धन्यवाद देते हुए खुशी व्यक्त कर कहा है की राज्य के उच्च सदन में इस मामला को उठने में आश जगी है . स्थानीय समाजसेवी मसीह उद्दीन पूर्व मुखिया शंकर रजक खनवां ग्रामीण बंटी कुमार मुकेश कुमार गौरव कुमार ने कहा है की मंगलवार को शून्यकाल में उठाया गया यह मामला नवादा के लोगों की अभिव्यक्ति है और उम्मीद जगी है की राज्य सरकार इस संबंध में शीघ्र राज्यादेश निर्गत करेगी

पति, सास, ससुर, देवर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कर रही आगे की कार्रवाई

# ससुराल में बेड पर मिला महिला का शव



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के नरहन गांव में एक साल पहले उत्तर प्रदेश के जमनिया गांव की रहने वाली युवती मंजू देवी से की शादी हुई थी। दहेज में सोने की चेन और अंगूठी, गाड़ी न मिलने की वजह से परिवार के लोग उसे हमेशा ताना मारते रहते थे। अब विवाहिता का घर में पलंग पर उसकी डेड बॉडी पुलिस ने बरामद की है। उसके गले में निशान पाया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पति, सास, ससुर, देवर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान यूपी के जमनिया कस्बा के चौधरी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय अंबिका चौधरी के 24 वर्षीय पुत्री मंजू देवी के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले मौसेरा भाई कालेंद्र चौधरी ने बताया कि उसकी शादी हमने 2023 मार्च में की थी। इसके ससुराल वाले बार-बार इसे दहेज प्रताड़ना के लिए प्रताड़ित करते थे। कुछ दिन तक इस तरह की वारदात सामने आती रही फिर हम लोगों ने परिवार के लोगों से मिलकर इसका समझौता भी किया। पता चला कि उसकी मौत हो गई। इसके बाद हमने थाने पर सूचना दी और थाना को लेकर इसके ससुराल पहुंचा तो देखा कि शव पलंग पर पड़ा हुआ था। लड़की अपनी माता से बात करती थी और बताती थी कि ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए ताना मार रहे हैं। गाड़ी, चेन और अंगूठी नहीं देने पर परेशान कर रहे। भाई ने कहा कि मुझे ये सूचना उसके गांव के लोगों ने दी कि आपकी बहन ससुराल के लोग बता रहे हैं कि फांसी लगाकर मर गई। हमारी बहन को जानबूझकर मारा गया है। गला दबाकर उसकी हत्या की गई है।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

निज संवाददाता

**रामगढ़ (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के नरहन गांव में फंदे से लटकता विवाहिता का शव मिला। जानकारी के मुताबिक, यूपी के जमानिया कस्बा के स्व. अम्बिका चौधरी की बेटी मंजू की शादी रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरहन गांव के सुरेंद्र चौधरी के बड़े बेटे विकास चौधरी से 5 मार्च 2023 को हुई थी। लेकिन बेटी की मौत की खबर सुन मायके वाले बेसुध हो गये। सूचना पर पहुंची रामगढ़ थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां डाक्टरों ने द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव को मायके वालों को पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। घटना की जानकारी देते हुए मंजू की मां मुन्नी देवी ने बताया कि सोमवार की रात करीब 8 बजे मेरी बेटी मंजू ने मोबाइल पर बात चीत की लेकिन मंगलवार की सुबह 6 बजे मेरे दामाद के पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आप की बेटी की मौत हो गई है। मंजू की मां ने बताया की शादी के बाद दहेज को लेकर बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा था।

# 320 विद्यालयों में पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 22,548 बच्चों ने लिया भाग

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** प्रधानमंत्री द्वारा 26 फरवरी, 2024 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में 2000 से अधिक आरओबी/आरयूबी/अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन/शिलान्यास किया जायेगा। इस अवसर पर रेलवे द्वारा देश भर में ''2047 के विकसित भारत का विकसित रेल'' विषय पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय के बच्चों के बीच किया जा रहा है। इन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों से कार्यक्रम के दिन प्रधानमंत्री डिजिटली रूप से जुड़ेंगे तथा विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में भी ''2047 के विकसित भारत का विकसित रेल'' विषय पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन 320 विद्यालयों में किया गया जिनमें 22,548 बच्चों ने भाग लिया। इनमें दानापुर मंडल में 12 लोकेशन के 32 विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें 1675 बच्चों ने भाग लिया। पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 37 लोकेशन के 208 विद्यालयों में आयाजित प्रतियोगिता में 10058 बच्चों ने भाग लिया। धनबाद मंडल द्वारा 20 लोकेशन के 21 विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिनमें 3586 बच्चों ने भाग लिया। इसी तरह समस्तीपुर मंडल के 28 लोकेशन के 45 विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में 6125 बच्चों ने जबकि सोनपुर मंडल के 05 लोकेशन के 14 विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में 1104 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उनमें माननीय प्रधानमंत्री जी से मिलने को लेकर काफी उत्सुकता भी दिखी।

# रोहतास में निर्विरोध निर्वाचित घोषित

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के करगहर प्रखंड के प्रमुख का चुनाव बुधवार को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम आशुतोष रंजन की देख-रेख में संपन्न हुआ। रिंकी देवी निर्विरोध करगहर प्रखंड प्रमुख निर्वाचित घोषित की गई। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नए प्रमुख को अपने कार्यालय कक्ष में पद की शपथ दिलाई गई। आज सुबह से ही चुनाव की गहमा गहमी थी। निर्वाची पदाधिकारी और प्रेक्षक की मौजूदगी में प्रमुख पद के लिए नामांकन हुआ। रिंकी देवी के नामांकन के बाद किसी अन्य के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा रिंकी देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसके बाद तत्काल शपथ भी दिलाई गई। कार्यालय से बाहर निकलने पर समर्थकों ने नए प्रमुख रिंकी देवी का जोरदार स्वागत किया। बता दें कि 22 जनवरी 2024 से करगहर प्रखंड प्रमुख का पद रिक्त चल रहा था। 22 जनवरी को करगहर के तत्कालीन प्रमुख एवं उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव में तत्कालीन प्रमुख सरिता देवी ने सदन का विश्वास खो दिया था। उस समय उनके विपक्ष में 20 वोट डाले गए थे। जिसमें तत्कालीन प्रमुख सरिता देवी के विरोध में 19 वोट डाले गए थे और पक्ष में मात्र एक वोट पड़ा था। जबकि उप प्रमुख धर्मशीला देवी विश्वास मत प्राप्त करने में सफल रही थी। धर्मशीला देवी के पक्ष में 19 और विपक्ष में एक वोट पड़ा था। इसके बाद डीएम के निर्देश पर 21 फरवरी 2024 को नए प्रखंड प्रमुख के चुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसकी सूचना सभी बीडीसी सदस्यों को दी गई थी।

## शिवरात्रि के दिन बड़वा बाबा पहाड़ी पर लगेगा मेला

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** प्रखंड के बड़वा बाबा पहाड़ी पर प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि के दिन होने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारी का जायजा लेने जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल पहुंचे। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि बड़वा बाबा पहाड़ी पर जायजा लेने के लिए आया हूं। आपको बता दें कि काफी प्राचीन समय से बना हुआ पहाड़ी पर शिवरात्रि के दिन मेला का आयोजन होते आया है, जिसमें प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। आने वाले 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन मेला लगाने की तैयारी चल रही है। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मुकेश जायसवाल, मुखिया लाल बिहारी सिंह, धर्मेंद्र कुमार, उत्तम गोंड सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उधना से बरौनी एवं उधना से जयनगर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर(वैशाली)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा उधना से बरौनी एवं उधना से जयनगर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 09037/09038 उधना-बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल (मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)-गाड़ी सं. 09037 उधना-बरौनी सुपरफास्ट स्पेशल 23.02.2024 से 29.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 08.35 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 06.40 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.51 बजे बक्सर 08.38 बजे आरा, 09.35 बजे पटना, 10.20 बजे बख्तियारपुर, 10.36 बजे बाढ़ एवं 11.05 बजे मोकामा रूकते हुए 14.00 बजे बरौनी पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी सं. 09038 बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल 24.02.2024 से 30.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 17.00 बजे खुलकर 18.10 बजे मोकामा, 18.33 बजे आरा, 18.45 बजे बख्तियारपुर, 20.10 बजे पटना, 21.25 बजे आरा, 22.10 बजे बक्सर एवं 23.10 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन रविवार को 22.00 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं.09039/09040 उधना-जयनगर-उधना स्पेशल (दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-पटना-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)- गाड़ी सं. 09039 उधना-जयनगर स्पेशल 21.02.2024 से 13.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को उधना से 20.35 बजे खुलकर अगले दिन गुरूवार को 19.38 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 20.43 बजे बक्सर 21.34 बजे आरा, 22.25 बजे पटना तथा शुक्रवार को 01.25 बजे बरौनी, 03.10 बजे समस्तीपुर, 04.07 बजे दरभंगा, 05.15 बजे मधुबनी रूकते हुए 06.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 09040 जयनगर-उधना स्पेशल 23.02.204 से 15.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को जयनगर से 09.00 बजे खुलकर 09.25 बजे मधुबनी, 11.30 बजे दरभंगा, 12.40 समस्तीपुर, 13.50 बजे बरौनी, 17.05 बजे पटना, 18.05 बजे आरा, 19.08 बजे बक्सर एवं 20.55 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन शनिवार को 22.00 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 08 कोच होंगे।

# टेंपो बाइक और साइकिल की टक्कर में चार परीक्षार्थी सहित सात घायल

निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल जहानाबाद मुख्य पथ पर मोथा के पास में टेंपो, मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर में चार मैट्रिक परीक्षार्थी समेत 7 लोग घायल, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, घटना अरवल मुख्यालय से मैट्रिक परीक्षा केंद्र से प्रथम पाली की परीक्षा देकर टेंपो से परिजन के साथ परीक्षार्थी घर लौट रहा था तभी मोथा के पास टेंपो साइकिल से टकरा गई, घटनास्थल पर ही टेंपो पलट गया। पीछे से आ रही मोटरसाइकिल टेंपो में जा टकराई। इस घटना में टेंपो पर सवार चमंडी गांव निवासी सुभाष यादव का पुत्र सूरज कुमार, परीक्षार्थी प्रियंका नीलम एवं एक अन्य परीक्षार्थी घायल हो गया वही मोटरसाइकिल से अपने बहन के परीक्षा दिलाकर लौट रहे माली रामगढ़ गांव निवासी सोनू कुमार और उसकी बहन कुसुम कुमारी भी घायल है जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इस दुर्घटना में साइकिल सवार घायल व्यक्ति नदी गांव के रहने वाले भगवान पंडित भी गंभीर रूप से जख्मी है जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 नंबर की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी लोगों की इलाज की जा रही है।



# चोरी की घटना को लेकर लोगों ने जहानाबाद-एकंगरसराय सड़क जाम कर किया हंगामा

निज संवाददाता



जहानाबाद। जहानाबाद के निजामुद्दीन मोहल्ले से चोरों ने एक ट्रैक्टर की चोरी कर ली। घटना मंगलवार रात की है। इसके बाद बुधवार को स्थानीय लोगों ने जहानाबाद-एकंगरसराय सड़क को जाम कर दिया। लोगों का आरोप है कि लगातार चोरी की घटना हो रही है। चोरों का आतंक इस तरह से बढ़ा हुआ है कि रात्रि को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। कोई भी व्यक्ति सड़क के किनारे जाते रहता है तो उसका मोबाइल छीन लेता है। लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम रहा। नगर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटाया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद जल्द से जल्द इस घटना को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि जमीन बेचकर मैंने ट्रैक्टर खरीदा था। उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। चोरी हो जाने के बाद हम लोगों को जीवन यापन करने में भी काफी संकट होगा। शहर में चोरी की घटना लगातार घट रही है। लगता है कि गिरोह शहर में काफी सक्रिय है और लगातार घटना को अंजाम दे रहा है।

# मैट्रिक की परीक्षा दे रही दो छात्राओं की तबीयत बिगड़ी



**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** मैट्रिक परीक्षा के छठे दिन बुधवार को जिला मुख्यालय के दो केंद्रों पर दो परीक्षार्थी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिला प्रशासन ने दोनों छात्राओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों परीक्षार्थी की हालत ठीक है। दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई थी, इसके बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए है। एक बीमार छात्रा का नाम प्रीति कुमारी है, वह करगहर थाना के कोसछिहरा गांव निवासी श्याम बिहारी सिंह की बेटी है। जबकि बाल विकास विद्यालय परीक्षा केंद्र में दूसरी पाली में परीक्षा दे रही दूसरी परीक्षार्थी रिंकी कुमारी शिवसागर की रहने वाली है। बता दे कि परीक्षा के दौरान जिला में अब तक 7 परीक्षार्थियों की तबीयत खराब हो चुकी है। शुक्रवार को डेहरी के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ी थी और शनिवार को भी 2 परीक्षार्थी की हालत खराब हो गई थी।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**
E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–06/2023–24
पत्रांकः–233/औरंगाबाद

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उत्तर कोयल नहर प्रमण्ड़ल, औरंगाबाद के अन्तर्गत स्थित संयुक्त कार्यालय भवन के रख–रखाव/साज–सज्जा निमित निम्नांकित उपस्कर क्रय (आपूर्ति) एवं अधिष्ठापन हेतु कम्पनी/एजेंसी/आपूर्तिकर्ता से क्रय हेतु मुहरबन्द दर कोटेशन निम्नरूपेण आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 27.02.2024 को अपराहन 03:00 बजे तक।
3. कोटेशन प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को अपराहन 03:30 बजे तक।

कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अथा मोबाईल संख्या 7463889720 पर सम्पर्क किया जा सकता है। संबंधित कोटेशन को विभागीय साईट www.wrd.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियन्ता,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,**
**औरंगाबाद**

PR. No. 017860 (WRD) 2023-24

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)
Email id:-np.hariharganj@gamil.com
आम सूचना

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–NPH- 06 /2023-24**

कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के द्वारा के द्वारा स्वीकृत योजनाओं की जांच/पर्यवेक्षण एवं स्थल भ्रमण, मुख्यालय आने जाने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के निष्पादन हेतु 01 एक चार पहिया वाहन(Commercial Vehicle Mahendra Bolero- B6) की एक वर्ष के लिए आवश्यक्ता है।

हरिहरगंज नगर पंचायत, कार्यालय के लिए वाहन(Commercial Vehicle Mahendra Bolero- B6) की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकताओं से दिनांक – 28.02.2024 को अपराह्न 1:00 बजे तक निबंधित डाक/हाथो हाथ कोटेशन आमंत्रित की जाती है। दिनांक– 28.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे कोटेशन खोला जाएगा, जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। कोटेशन हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में जमा करना आवश्यक है, जो इस कार्यालय में 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, हरिहरगंज के पद के नाम से भुगतेय होगा, को जमा करना होगा।

नियम एवं शर्ते *NIC Palamu, UDHD Jharkhand*के *Website* एवं कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट पर देखी जासकती है:–

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत हरिहरगंज**

PR 319777 Palamu(23-24)D


# चाचा की हत्या करने पर भतीजा को मिला आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास व्यवहार न्यायालय ने बुधवार को हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई की और अभियुक्त चंद्रमणी सिंह, पिता लाल मोहन सिंह को चाचा की हत्या करने पर यह सजा दी है। अभियुक्त काराकाट थाना क्षेत्र के चिल्हा गांव का निवासी है। इसके साथ ही कोर्ट ने शस्त्र अधिनियम में चार साल सश्रम कारावास की भी सजा सुनाई है। बता दे कि यह दोनों सजा साथ-साथ चलेंगी और 34 माह बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया है। अपर लोक अभियोजक लक्ष्मण सिंह के अनुसार अभियुक्त चंद्रमणी सिंह काराकाट थाना क्षेत्र के चिल्हा गांव का निवासी है। उसने 19 अप्रैल 2021 को घर में अपने चाचा जयनारायण सिंह को गोली मार दी थी। इसके बाद घटनास्थल पर ही उसके चाचा की मौत हो गई थी। इस मामले की प्राथमिकी काराकाट थाना में मृतक के दामाद विजय शंकर सिंह ने कराई थी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०–9**
**ईमेल–jepcpalamau@gmail.com**

**शैक्षणिक सत्र 2024–25 में कस्तूरबा गांधी, झारखण्ड बालिका एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना।**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024 – 25 में झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू अन्तर्गत संचालित 12 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 08 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 तथा कक्षा 9 (सिर्फ बालिका) एवं एक (1) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सिर्फ बालकों का कक्षा 01 से 08 एवं कक्षा 9 में रिक्त सीटों के आधार पर नामांकन किया जाना है। नामांकन हेतु राज्य सरकार द्वारा तय मानको का अनुपालन किया जाएगा। विदित हो कि इन विद्यालयों में ड्रॉप आउट सहित वैसे बालक/बालिकाओं का नामांकन किया जाता है जो अत्यन्त विषम सामाजिक परिस्थिति वाले परिवारों से आतें है।

इच्छुक छात्र/छात्रा एवं बच्चों के माता–पिता से अनुरोध है कि यदि नामांकन हेतु इच्छा रखते हों तो अपने प्रखण्ड/संबंधित विद्यालय से सम्पर्क कर दिनांक 22.02.2024 से 29.02.2024 के बीच संबंधित आवेदन प्राप्त एवं आवश्यक कागजातों के साथ जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।

**PR.NO.319911 Jharkhand Education Project Council(23-24):D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 33/2023–24
**(2nd Call)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समयः– 27.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 28.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ के ग्राम बालूमाथ में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/- | 50,000 /- | 5000/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

**PR.NO.319805 Building(23-24):D**

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर की दान पेटी तोड़कर हुई चोरी, आक्रोश

**मानपुर**। मुफ्फसिल थाना अंतर्गत प्रखंड सह अंचल परिसर स्थित देवी मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। खास बात यह है कि प्रखंड सह अंचल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे है और सुरक्षा गार्ड तैनात है। बावजूद इसके बेखौफ बदमाशों द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया। लोगों की माने तो दानपेटी में करीब 12 सौ रुपए थे, जिसकी चोरी की गई है। इसके बावजूद किसी ने स्थानीय थाना में लिखित तहरीर नहीं दी।

### गया में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया में और लाएं तेजी : एमडी

**गया**। गया में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया में और तेजी लाए। हर घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगान अनिवार्य है। गया जिले में छह लाख पांच हजार 104 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है, इसे तय समय पर पूरा करे। एसबीपीडीसीएल के एमडी महेंद्र कुमार ने यह निर्देश अधिकारियों व कर्मियों को दिया है। वे स्वयं गया में लग रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की प्रगति पर नजर रख रहे है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि गया जिले में विशेष अभियान चलाकर प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए। इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरूक भी करे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार पूरे देश में 28 लाख स्मार्ट मीटर के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां ग्रामीण एवं शहरी सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किया जा रहा है। गया में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरुआत विगत दिनों बोधगया में स्थित 80 फीट पावर सब स्टेशन से बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार द्वारा टेस्ट मीटर लगा कर की गई थी। गया जिले में कुल 6,05,104 स्मार्ट मीटर लगाए जायेंगे, जिसमें गया अर्बन में कुल 1.19 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टॉल किए जाएंगे। एजेंसी द्वारा अगले आठ महीने के अंदर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। बीएसपीएचसीएल के सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर ख्वाजा जमाल ने बताया कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। यहां तक कि उनके परिसरों में जाकर भी उनसे बात की जा रही है। चौक चौराहों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले इलाके में स्मार्ट मीटर एवं ट्रेडिशनल मीटर, दोनों डिस्प्ले कर दिखाया जा रहा है कि दोनों मीटर के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

### युवक को गोली मारने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**गया**। गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय बैरागी मोहल्ले में क्रिकेट खेलने के दौरान युवक को गोली मारी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। 19 फरवरी को पीड़ित युवक ने डेल्हा थाना की पुलिस टीम बयान दिया कि बैरागी मोहल्ले में क्रिकेट खेल रहे थे, तो अचानक रघु कुमार और इसका सहयोगी गाली-गलौज करने लगा और मारपीट करते हुए गोली चला दी। डेल्हा थाना में मामला दर्ज किया गया। एसएसपी आशीष भारती ने इस घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नगर पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार के निर्देशन में और नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भी शामिल किए गए। एसएसपी आशीष भारती ने बताया टीम ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना संकलन कर इस कांड में शामिल रघु कुमार पिता राजेश रविदास, दूसरा टकला पासवान पिता स्वर्गीय राजेश पासवान दोनों बैरागी थाना डेल्हा के रहने वाले हैं। दोनों की गिरफ्तारी पुलिस टीम ने लोको कॉलोनी से की। दोनों रेलवे के बंद सरकारी क्वार्टर में छिपे थे। एसएसपी ने बताया दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।



### कांग्रेस का विनाश करने वाले अवतार हैं राहुल गांधी

**नालंदा**। कांग्रेस से नेताओं के पलायन पर चुटकी लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को कहा है कि कांग्रेस ने देश के साथ जो धोखाधड़ी की है उसी का बदला लेने के लिए राहुल गांधी जी जैसे अवतार के हाथों में इसकी कमान गई है। गांधी जी भी चाहते थें कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर दिया जाए, लेकिन एक परिवार ने सत्ता सुख भोगने के लिए ऐसा होने नहीं दिया। इसीलिए कांग्रेस के टुकड़े-टुकड़े कर के राहुल गांधी आज उनकी इच्छा को पूरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व से कांग्रेस की नाव में इतना बड़ा छेद कर दिया है कि पुराने कांग्रेसी भी उससे कूद कर भाग रहे हैं। एक-दो कर के आज 50 से अधिक वरिष्ठ कांग्रेसी पार्टी छोड़ चुके हैं। इनमें लगभग 15 नेता मुख्यमंत्री रह चुके हैं और बाकी अन्य ऊंचे ओहदों पर रह चुके हैं। लेकिन न तो कांग्रेस मुक्त भारत के मिशन में जुटे राहुल को कोई चिंता है और न ही उनकी चापलूसी में जुटे नेताओं को। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि दरअसल राहुल के नेतृत्व में आज कांग्रेस के पास न तो नीति बची है और न ही विचारधारा। ऊपर से इनमें अहंकार कूट-कूट कर भरा हुआ है। हर जगह यह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन फिर भी इनका घमंड कम होने का नाम नहीं लेता। इनके रवैए के कारण इंडी गठबंधन का प्रयोग भी असफल हो गया। इनके बर्ताव के कारण हर राज्य में इनके सहयोगी इनका साथ छोड़ कर जा रहे हैं। लेकिन राहुल अभी भी अपने चाटुकार सलाहकारों के चंगुल से छूटने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव कांग्रेस के इतिहास का सबसे बुरा चुनाव साबित होने वाला है। इस चुनाव में इनकी ऐसी दुर्गति होने वाली है कि इनके लिए दोबारा उठना मुश्किल हो जाएगा।



### परवलपुर में एक माह से अगवा कर रखे गए असम के दो व्यवसायी छुड़ाए गए

**परवलपुर**। असम से अगवा दो व्यवसायियों को छापेमारी कर पुलिस ने छुड़ा लिया। दो अपहर्ता भी गिरफ्तार कर लिए गए। भाड़े पर डंपर व हाइवा देने के बहाने बुलाकर स्थानीय गुंडों ने दोनों को अगवा कर लिया था। फिरौती की कुछ रकम भी ऑनलाइन ले ली थी। एक माह पूर्व दोनों व्यवसायियों के अपहरण की एफआईआर होने के बाद असम पुलिस हरकत में आई, जिसके बाद मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर बहादुर अली और तैयब मेनरल इसलाम को पुलिस ने छुड़ाया। असम पुलिस ने परवलपुर थाना पुलिस के सहयोग से मंगलवार को गांधी नगर के खंधा से दोनों को बरामद किया। दोनों असम के बोंगाई गांव जिला के मेरर चौक के रहने वाले हैं। वहीं मौके से दो अपहर्ताओं को पकड़ा गया। गिरफ्तार बदमाशों में अलीपुर निवासी उपेंद्र प्रसाद का पुत्र मंटू कुमार और हिलसा के कृष्णा बिगहा निवासी नवलेश उर्फ विकास कुमार शामिल व्यवसायी बोले- आरोपियों से हमारी पूर्व से पहचान थी बहादुर अली और तैयब मेनरल इसलाम ने बताया कि वे लोग भाड़ा पर डंपर-हाइवा लेने आए थे। आरोपियों से उनकी पूर्व से पहचान थी। कॉल करने पर दोनों ने बताया कि उनके पास वाहन हैं। इसके बाद दोनों असम से एक माह पहले आ गए। कुछ दिन बिहारशरीफ के एक होटल में रुके। इसके बाद दोनों बदमाश वाहन दिखाने की बात कह उन्हें परवलपुर ले गए। जहां ले जाकर उन्हें बंधक बना लिया गया। बदमाशों ने परिवार को कॉल कर उनसे कुछ फिरौती भी ऑनलाइन ले ली। इसके बाद दो लाख और मांग रहे थे।



# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, बालू लदा ट्रैक्टर लेकर जा रहा था युवक

## हादसे के पीछे साजिश की जताई जा रही आशंका

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत के सैफगंज निवासी 32 वर्षीय युवक के शव को पुलिस ने दुमोहान के समीप से बरामद किया है। मृतक की पहचान योगेश भुईंया के रूप में की गई है। एक शव पड़े होने की सूचना मिलने के बाद बांके बाजार पुलिस थाना परिसर ले आई। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पत्नी समेत अन्य परिवार व गांव के लोग बड़ी संख्या में थाना पहुंचे। ट्रैक्टर मालिक पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। सैफगंज गांव निवासी योगेश भुईंया गांव के ही मिथिलेश प्रसाद का ट्रैक्टर चलाता था। देर रात भी ट्रैक्टर लेकर निकला था, जिस पर बालू लोड था। इसी बीच रोशनगंज थाना क्षेत्र में आंजन गांव के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर पलट गया। जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई।

**मामले की छानबीन की जा रही:** बांके बाजार थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना रोशनगंज थाना क्षेत्र के अंजन गांव के समीप की है। ट्रैक्टर का इंजन वहां से बरामद हुआ है और शव बांके बजार से। ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक की डेट बॉडी को उठाकर बांकेबजार थाना क्षेत्र के सैफगंज दोमुहान के पास फेंक दिया गया हो। फिलहाल मामले में छानबीन की जा रही है। परिजनों के लिखित शिकायत का इंतजार है, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# खेत से 6 मोटर पंप सेट की चोरी

निज संवाददाता। गया

जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगांज प्रखंड मुख्यालय से सटे बेलाडीह गांव के बधार से एक साथ आधा दर्जन से अधिक किसानों के मोटर पंप सेट चोरी हो गए। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस डॉग स्क्वाड टीम की मदद से घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची। हालांकि डॉग स्क्वॉड इधर-उधर घूमती रही, लेकिन चोर कोई भी सुराग छोड़कर नहीं गए। पीड़ित बेलाडीह गांव के ग्रामीणों में स्थानीय बेलागंज थाना की पुलिस के प्रति आक्रोश है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि दो माह पूर्व भी एक ही रात में 8 किसानों के मोटर पंप सेट चोर ले गए थे। इस बीच आज यह दूसरी घटना है, जब खेत से किसानों का आधा दर्जन मोटर पंप सेट की चोरी हो गया। ग्रामीणों का कहना है, नियमित रूप से बेलागंज पुलिस गश्ती नहीं करती। अगर सड़क मार्ग पर नियमित रूप से गश्ती हो तो इस तरह की चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।



डॉग स्क्वायड से की जांच, एक भी सुराग चोरों ने नहीं छोड़ा, पहले भी हो चुकी है वारदात

**रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया गया:** लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी खुर्शीद आलम ने कहा कि बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाडीह गांव के बधार से करीब लाखों रुपए के अलग-अलग 6 मोटर पंप सेट की चोरी हो गई। घटना को लेकर बेलागंज में लिखित शिकायत दर्ज की जा रही है। बेलागंज पुलिस पदाधिकारी और चौकीदारों को रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। घटना में शामिल चोरों का पता लगाया जा रहा है। मैं खुद भी घटनास्थल पहुंचा।

# मैट्रिक की परीक्षा देने आया छात्र लापता

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मैट्रिक की परीक्षा देने आया एक परीक्षार्थी लापता हो गया है। मामला बिहार शरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र के पीसीपी इंटर कॉलेज से जुड़ा हुआ है। छात्र की गुमशुदगी का मामला सोहसराय थाना में दर्ज कराया गया है। छात्र छबिलापुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर गांव निवासी राजेश प्रसाद का (15) वर्षीय पुत्र उदित कुमार है। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर गांव निवासी उदित कुमार के मामा संदीप कुमार ने सोहसराय थाना में बुधवार को लापता भांजे की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि एकंगरसराय प्रखंड के उच्च विद्यालय तारापुर का सेंटर बिहार शरीफ के पीसीपी इंटर कॉलेज में पड़ा था। उच्च विद्यालय तारापुर में उदित पढ़ाई करता था। हर दिन उसे बाइक से लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचाने आते थे। मंगलवार को भी प्रथम पाली में उसकी परीक्षा थी। परीक्षा देने वह केंद्र के अंदर गया परीक्षा समाप्त हुई। इसके उपरांत वह केंद्र के बाहर इंतजार करते रहे लेकिन उदित उन्हें नहीं मिला। और ना ही वह घर पहुंचा।

परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। परिवार वाले परेशान हैं ननिहाल से लेकर घर तक के लोग उदित की खोजबीन में जुटे हुए है। बावजूद उसका कहीं अता-पता नहीं चल रहा है। सीसीटीवी फुटेज में वह परीक्षा केंद्र के बाहर जाता हुआ दिख रहा है। वहीं, इस मामले में सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उदित की खोजबीन में जुट गई है। सोशल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्म का भी सहारा लिया जा रहा है।

# दो दिनों तक चलेगी निगम की बैठक, गया नगर आज अपना वार्षिक बजट करेगा पेश

निज संवाददाता। गया

गया नगर निगम की सशक्त स्थाई समिति की बैठक मंगलवार को साढ़े 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में वर्ष 2024-25 का बजट पास किया जाएगा। पहले बजट चर्चा होगी। उसके बाद उसे सर्वसहमति से पास किया जाएगा। बजट पास होने के अगले दिन फिर बैठक होगी। जिसमें विकास से जुड़े 20 बिंदुओं पर चर्चा होगी। उन सभी 20 बिंदुओं से जुड़े विकास कार्य की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा नगर निगम द्वारा सदन में प्रस्ताव के लिए लाये कार्यों की समीक्षा और अनुमोदन किया जाएगा। साथ ही विकास के कार्य को आगे बढ़ाने का नगर हित में फैसला लिया जाएगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा आने वाले दिनों में होने वाली है। इसे देखते हुए नगर निगम बजट को लेकर किसी प्रकार का विलम्ब झेलने के मूड में नहीं है। यही नहीं निगम के जन प्रतिनिधि भी लोकसभा चुनाव को देखते हुए विकास से जुड़े कार्यों का बजट चुनाव की तिथियों की घोषणा होने से पूर्व करवाना चाहते थे। ताकि उनके वार्ड में विकास कार्य तेजी से हो सके। इन तमाम तथ्यों को देखते हुए सशक्त स्थाई समिति की बैठक और बजट के प्रस्ताव पर चर्चा के लिए दो दिनों की बैठक बुलाई है। पहली बैठक 21 फरवरी को होगी तो दूसरी बैठक 22 फरवरी को होगी। बैठक की तैयारी पूरी कर ली गई है। साथी निगम के सभी जन प्रतिनिधियों को बैठक का न्योता भी नगर निगम की ओर से भेज दिया गया है। मंगलवार को बैठक 11: 30 बजे शुरू होगी।



अगले दिन प्रस्तावित कार्यों पर होगी चर्चा

## पीएचडी से सेवानिवृत्त कर्मी की हत्या मामला

# एसएसपी के निर्देश पर SIT टीम गठित

निज संवाददाता। गया

गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरी गांव के रहने वाले ओमकार सिंह हत्याकांड मामले में एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर एसआईटी टीम गठित कर ली गई है। एसआईटी टीम सिटी एसपी प्रेरणा कुमार के मार्गदर्शन में शेरघाटी एएसपी के राम दास के नेतृत्व में किया गया है। इस टीम में गुरूआ थाना के थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को शामिल किया गया है। विशेष टीम ने इस हत्याकांड को सुलझाने के लिए कई लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बहेरी गांव के रहने वाले ओमकार सिंह पीएचडी झारखंड रांची में क्लर्क के पद पर पदस्थापित थे। वहां से रिटायर्ड होने के गांव में पत्नी के साथ रह रहे थे। रोज की तरह अपने घर से देर शाम टहलने निकले थे। लेकिन रविवार की देर रात तक घर नहीं पहुंचे, पत्नी ने उनके नंबर पर कई बार फोन लगाया पर फोन स्विच ऑफ आ रहा था। सुबह में गांव वालों के साथ परिजन ढूंढ रहे थे इसी बीच जानकारी मिली कि उनकी किसी ने हत्या कर दी है। शव गांव से काफी दूर पुलिया के नीचे पड़ा हुआ है। बता दे कि मृतक के बेटे चंदन सिंह ने पिता की हत्या को लेकर एसआईटी गठन करने की मांग पुलिस के वरीय अधिकारियों से की थी। इस संबंध में गुरुआ थाना के थानाध्यक्ष ने बताया ओंकार सिंह हत्याकांड में जल्दी ही खुलासा कर लिया जाएगा। पुलिस टीम अपने स्तर पर काम कर रही है।




# पिकअप की टक्कर से युवक की हुई मौत

निज संवाददाता। गया

गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के सरबहदा ओपी क्षेत्र के खगड़ि गांव के समीप पिकअप और बाइक सवार की हुई टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही जान चली गई। टक्कर मारने वाला पिकअप ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया है। घटना मंगलवार की रात की है। युवक की पहचान कर ली गई है। वह पास के ही गांव का रहने वाला है। घटना की सूचना मृतक के घर वालों को दी गई है। सरबहदा ओपी की पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

**पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है:** सरबहदा टेउसा मुख्य मार्ग स्थित घटना स्थल के पास रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप ड्राइवर ने सामने से आ रहे बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने युवक की शिनाख्त की। मृतक सरबहदा ओपी क्षेत्र के खुदई गांव का संजीत कुमार है। अतरी थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया की सरबहदा ओपी की टीम घटना स्थल पर ही डेड बॉडी को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से हुआ फरार, युवक की बाइक में लग गई थी टक्कर

# राजगीर में पहली बार दो दिन होगी आयोजित, डेलिगेशन का आना हुआ शुरू

निज संवाददाता। नालंदा

बैंक ऑफ इंडिया का ऑल इंडिया फेडरेशन बैंक ऑफ स्टाफ यूनियंस की दो दिवसीय बैठक राजगीर में पहली बार होगी। 22 और 23 फरवरी को यह बैठक होटल कृष्णा पैलेस में आयोजित होगी। दो दिवसीय बैठक में फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्य समिति के पदाधिकारियों के अलावे भारत के सभी राज्यों के स्टेट यूनियन लीडर शामिल होंगे। बिहार राज्य बैंक ऑफ इंडिया के महासचिव कॉमरेड कुमार प्रफुल्ल पटेल ने यह जानकारी दी है।

**बैठक की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई:** बताया की दो दिवसीय बैठक की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में शामिल होने वाले डेलिगेशन का राजगीर पहुंचना आरंभ हो गया है। फेडरेशन के महासचिव कॉमरेड दिनेश झा ललन और अध्यक्ष कॉमरेड मैक्सी परेरा की उपस्थिति बैठक में होगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में बैंकों की कार्य प्रणाली और सरकार में होने वाली द्विपक्षीय वार्ता पर विस्तृत चर्चा की जायेगी। फेडरेशन के मैनेजमेंट और सरकार के प्रति क्या रुख रखा जाए। इस पर विचार-विमर्श होगा। 20 फरवरी से पटना एयरपोर्ट पर लोगों का आना शुरू हो गया है। इस बैठक में रोजगार और सब स्टाफ लिपिक कर्मचारी की कम होती संख्या, आउटसोर्सिंग, सरकार की नीतियों, महिलाओं और अन्य विषयों के अलावे स्टाफ का इंटर जोन ट्रांसफर, बैंकों की पॉलिसी मैटर, बैंक में बढ़ते हुए एनपीए आदि तमाम मुद्दों पर गंभीर चर्चा होगी।



# सीयूएसबी के 4 स्कूल भवनों का शिलान्यास

निज संवाददाता। गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के चार स्कूल भवनों की आधारशिला रखी। शिलान्यास समारोह के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा मंत्री कौशल विकास और औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह सीयूएसबी परिसर में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस की लाइव स्ट्रीमिंग आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र शामिल हुए।

**100 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया:** सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है यह विश्वविद्यालय मेरे संसदीय क्षेत्र में स्तिथ है और यह नए-नए कृतिमान स्थापित कर रहा है। मैं इस विश्वविद्यालय से इसकी स्थापना के दिनों से जुड़ा हुआ हूं और मुझे पूरी आशा है कि यह आने वाले दिनों में देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के रूप में तमाम नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। इस मौके पर कुलपति ने बताया कि चार भवनों के निर्माण के लिए सीयूएसबी को करीब 100 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है।

**सीयूएसबी और सीपीडब्ल्यूडी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर:** तीसरे चरण के तहत, चार स्कूल भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के लिए रु. 271669723, स्कूल ऑफ फिजिकल एंड केमिकल साइंसेज के लिए रु. 293804972, स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड मैनेजमेंट के लिए रु. 236592549 और स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के लिए रु. 197430941 का अनुदान मिला है। सीयूएसबी को वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक के लिए अनुदान दिया गया है और भवनों के निर्माण के लिए सीयूएसबी और सीपीडब्ल्यूडी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुका है।



## संक्षिप्त समाचार

### कन्या प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर लाखों का समान चोरी

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कन्या प्राथमिक विद्यालय भकुरा में अज्ञात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल में रखे लाखों रुपए मूल्य के समान की चोरी कर ली गई। स्कूल के प्रिंसिपल गीता कुमारी ने बताया की सोमवार को जब मैं स्कूल पहुंची तो देखा की स्कूल का ताला टूटा हुआ है। अंदर जा कर देखी तो स्कूल मै मिड डे मिल का खाना बनाने के लिए रखा दो गैस सिलिंडर, जग, गोदरेज, कुर्सी, खाना बनाने वाला बर्तन के साथ गैस चूल्हा नही है। चोरों ने सारा समान चोरी कर लिया है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सूचना मिलने के बाद स्कूल में आकर घटना की जांच की है। अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दे दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### भागवत महापुराण केवल कथाओं का संग्रह ही नहीं मनुष्य के जीवन शैली जीने की कला है

**बक्सर।** नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में मंगलवार को श्री श्रीमन नारायण भक्तमाली मामा जी के पुण्य स्मृति में आयोजित 16वां प्रिया प्रियतम महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। महोत्सव के पहले दिन आश्रम परिसर में बने भव्य पंडाल में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ जुटी थी। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ होने से पूर्व आश्रम के महंत पूज्य राजा राम जी



महाराज, रामनाथ ओझा और अन्य लोगों ने व्यास पीठ का पूजन किया। कथा शुभारंभ भारतभूषण श्री पुंडरीक शास्त्री जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत की कथा कोई सामान्य कथा नही है। सिद्धाश्रम पुण्याश्रम है। यहां एक भागीरथी उत्तर में बह रही है और दूसरी भागीरथी श्रीमद् भागवत की कथा में बह रही है। दोनों भागीरथी में स्नान करने से ही मनुष्य जीवन में मोक्ष की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सोने की परख आग में, मित्र की परख संकट में, पत्नी की परख विपत्ति में और ज्ञानी व्यक्ति के विद्वता की परख भागवत पुराण में ही होता है। भागवत महापुराण केवल कथाओं का संग्रह ही नही है वरन मनुष्य के जीवन शैली जीने की कला है। श्रीमद् भागवत पुराण और हम सभी बक्सरवासी का सौभाग्य है कि आज भागवत कथा सिद्धाश्रम में हो रही है। मां गंगा जी हर जगह है किंतु तीर्थराज प्रयाग, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और सिद्धाश्रम बक्सर में मां गंगा की महता और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि जो भगवान की स्थापना कर दे वही ब्रह्म है, उन्हीं से ज्ञान की प्राप्ति होती है। ज्ञान ही एक परात्मा है, ज्ञान केवल विषय का ज्ञान नही है। जब यह अनुभव होने लगे की सर्वत्र परमात्मा है यही ज्ञान है। जब मनुष्य को को यथार्थ का ज्ञान हो जाय यही ज्ञान है और इस कलियुग में ज्ञान ही मनुष्य के मोक्ष का आधार है। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्त लोगों ने उपस्थित होकर भागवत कथा का रसपान किया।

### गांव मोहल्ले पहुंच कर बच्चों की जांच कर रही है आरबीएसके टीम

**बक्सर।** गांव मोहल्ले में आरबीएसके की टीम बच्चों की जांच कर बीमारी व शारीरिक विकृति की जांच की गई। शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों को बीमारियों और शारीरिक विकृति से बचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) का संचालन किया गया है। जिसके तहत आरबीएसके की टीम आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है। जिसके बाद बच्चों में बीमारियों और विकृतियों की पहचान कर उनका इलाज कराती है। इसी क्रम में आरबीएसके की टीम ने



सदर प्रखंड के देशर बुजुर्ग गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। आरबीएसके कार्यक्रम के तहत शून्य से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की बीमारियों का समुचित इलाज किया जाता है। जिनमें शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग आंगनबाड़ी केंद्रों में होती है। जबकि 6 से 18 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग उनके स्कूलों में की जाती है। ताकि चिह्नित बीमारियों के समुचित इलाज में देरी न हो। आंगनबाड़ी केंद्रों पर साल में दो बार यानि हर छह महीने पर और स्कूलों में साल में सिर्फ एक बार बच्चों के इलाज के लिए स्क्रीनिंग की जाती है। स्क्रीनिंग करते वक्त बच्चों को हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध कराया जाता है। गंभीर बीमारी होने पर बच्चों को किया जाता है रेफर आरबीएसके के आयुष चिकित्सक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि टीम में शामिल आयुष चिकित्सक बच्चों की स्क्रीनिंग के दौरान सर्दी-खांसी व बुखार जैसी सामान्य बीमारी होने पर तत्काल तुरंत उन्हें दवा दी दिया जाता है। लेकिन बीमारी गंभीर होने की स्थिति में उसे आवश्यक जांच एवं समुचित इलाज के लिए संबंधित पीएचसी में भेजा जाता है। वहीं, टीम में शामिल एएनएम के द्वारा बच्चों का वजन, उनकी ऊंचाई (हाइट), सिर की परिधि, बांह की मोटाई की माप तौल की जाती है। फार्मासिस्ट रजिस्टर में स्क्रीनिंग किये गये बच्चों से संबंधित बातों को ऑन द स्पॉट क्रमवार अंकित किया जाता है। ताकि, बच्चों के हेल्थ रिपोर्ट का डाटा संधारित रखा जा सके।

### सड़क दुर्घटना में 2022 में 107, 2023 में 140 तो 2024 में अबतक 9 की गई जान

**बक्सर।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, उसका असर देखने को नहीं मिल रहा है, सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर जो अभियान चलाए जाते हैं जैसे सड़क सुरक्षा सप्ताह, सड़क सुरक्षा माह सब कागजों में होता है। आंकड़े भी यही बताते हैं। डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा 10 फरवरी को जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क परिवहन से संबंधित जो समीक्षा की गई, उसमें आंकड़े यह बताते हैं कि वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। दूसरी ओर परिवहन विभाग से संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी भी इसको रोकने में कोई रूचि नहीं दिख रहे हैं, जिसके कारण जिले में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी है। इसको लेकर डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा आवश्यक कदम उठाने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। विगत 2 वर्षो के आंकड़ों पर यदि गौर करें तो जिले में वर्ष 2022 में जनवरी से दिसंबर तक 129 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी। सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या 107 तो घायलों की संख्या 83 है। वहीं वर्ष 2023 के जनवरी से दिसंबर तक 180 सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या 140 रही। जबकि घायल की संख्या 110 है। वहीं इस वर्ष की बात जनवरी में सड़क दुर्घटना की



संख्या 9 मृतकों की संख्या 7, घायलों की संख्या 3 रही। डीएम के द्वारा समीक्षात्मक बैठक में यह बात सामने आई है कि बक्सर पटना फोरलेन पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या होने की संख्या अधिक है। एनएचएआई की लापरवाही इसका मुख्य कारण है। बक्सर गोलंबर के पास उत्तर प्रदेश से आवागमन के लिए एक ही रास्ता है, जिसके कारण से सड़क दुर्घटना की संभावना प्रबल है। वहीं दलसागर के पास सर्विस लेन रोड भी नहीं बनाया गया है, जिसके कारण से दुर्घटनाएं होने की संभावना है। इसके साथ ही गंगा सेतु पर एनएचएआई के द्वारा न कैमरा लगाया गया है तथा न ही लाइट का प्रबंध किया गया है। जो काफी खतरनाक है। इसको लेकर डीएम के द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में वृद्धि, मृतकों की संख्या में हुई वृद्धि यह बताती है कि जिले की पुलिस तेज रफ्तार पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। जिसका खामियाजा सड़क पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में जरूरी है कि जिले की पुलिस को सभी प्रकार के वाहनों की जांच करनी होगी, केवल बाइक जांच कर कोरम पूरा करने से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी नहीं लाई जा सकती है। इसके अलावे अन्य कदम भी उठाने होंगे।

### दुर्ग एक्सप्रेस को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

# आरा से साउथ बिहार एक्सप्रेस का होगा परिचालन, लोगों को मिलेगी सुविधा

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले समेत अन्य जिलों के रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। आरा में केंद्रीय मंत्री सह आरा के सांसद राज कुमार सिंह के द्वारा साउथ बिहार एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पहले राजेंद्र नगर से दुर्ग तक जाती थी। लेकिन अब यह ट्रेन आरा से खुलेगी। आरके सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि साउथ बिहार एक्सप्रेस को आरा तक विस्तारित होने पर भोजपुर समेत आसपास के जिले के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब मैं सोच रहा हूं, आरा से दिल्ली तक जाने के लिए भी एक ट्रेन खुल जाए। वहीं, आरके सिंह ने देश के प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद दिया। वहीं, दुर्ग जाने के क्रम में ट्रेन संख्या 13288 आरा-दुर्ग दक्षिण बिहार एक्सप्रेस आरा







से शाम 6:45 बजे खुलेगी। इसके बाद यह ट्रेन बिहटा स्टेशन में शाम 07:01 बजे, दानापुर स्टेशन में शाम 07:30 बजे, पटना जंक्शन में रात 08:05 बजे और राजेंद्रनगर में रात 08:25 बजे रुकेगी। साथ ही अगले दिन रात 08:40 बजे दुर्ग पहुंचेगी। मंगलवार को स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया है। आरा सांसद सह केंद्रीय मंत्री के प्रयास पर साउथ बिहार एक्सप्रेस का विस्तार आरा तक कर दिया गया है। रेलवे ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर समय सारिणी भी जारी कर दी है। साउथ बिहार ट्रेन के आरा तक विस्तार होने के बाद दुर्ग जाना अब आसान हो जाएगा। अब आरा रेलवे स्टेशन से दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस (13288/87) चलेगी। यह ट्रेन आरा-राजेंद्रनगर-दुर्ग साउथ एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी। लंबे इंतजार के बाद पूर्व मध्य रेलवे ने दुर्ग-राजेंद्रनगर एक्सप्रेस का आरा तक विस्तार कर दिया है।

# छापेमारी में 30 वांछित पकड़ाए, भोजपुर पुलिस का विशेष अभियान

**निज संवाददाता। आरा**




भोजपुर पुलिस ने कांड में फरार चल रहे हैं आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 30 को दबोचा है। इसमें वारंट में 7 एवं शराब में 17 पुलिस की हत्थे चढ़े हैं। विशेष अभियान के दौरान 195 लीटर देसी शराब एवं 7 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इस दौरान 143 वारंट एवं 30 कुर्की का निष्पादन किया गया है। वाहन चेकिंग के दौरान 469 वाहनों की जांच की गई। जिनसे 64,500 जुर्माना वसूला गया है। वही, अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने एससी-एसटी उत्पादन में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### 370 लीटर विदेश शराब बरामद, फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

**फायरिंग मामले में प्राथमिक की दर्ज:** चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव में दो पक्षों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान जमकर फायरिंग की गई। इसके बाद पुलिस नेटवर्क कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। पकड़ा गया प्रिंस कुमार पांडे डिलियां पंचायत के उप मुखिया धनंजय पांडेय का पुत्र है। इसे लेकर संजय सिंह ने नामजद प्राथमिक कराई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आरोपित किया है। इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि उप मुखिया के पुत्र प्रिंस कुमार पांडे ने शराब के नशे में गांव के ही संजय सिंह पर पिस्टल से तीन–चार फायर कर दिया। जिस कारण घटनास्थल पर परत अफ्रीका माहौल काम हो गया। चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि प्रिंस कुमार पांडे शराब के नशे में फायरिंग की किया था। जिसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हाईस्कूल में फेल होने के डर से जहर खाया युवक, मौत

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में 10वीं के स्टूडेंट ने बोर्ड एग्जाम में फेल होने के डर से खुदकुशी कर ली। स्टूडेंट के पिता वकील हैं। वह मंगलवार की शाम परीक्षा देकर घर वापस आया और खाना खाया। फिर सब्जी खरीदने के लिए बाजार चला गया। वहां उसने जहर खा लिया। जब बाजार से लौटा तो वह उल्टी करने लगा। अचानक बेहोश हो गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मामला कोईलवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव



का है। नितिन दसवीं कक्षा का छात्र था। वो जमालपुर स्थित हाई स्कूल में पढ़ता था। पिता अशोक कुमार दास ने बताया कि कुछ महीने पहले से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता था और इस बार वह मैट्रिक का परीक्षा दे रहा था। उसका सेंटर महाराजा कॉलेज में था। वह परीक्षा देकर आता तो रोज बोला करता था कि मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है, मैं सादी कॉपी ही परीक्षा में दे रहा हूं। जो समझ में आता है वहीं लिख देता हूं। इसके बाद उन्होंने कहा कि कोई बात नहीं तुम परीक्षा दो तुम्हें अनुभव होगा। अगली बार फिर तुम तैयारी करना। मैं तुम्हारी ट्यूशन लगवा दूंगा। इसके बाद तुम दोबारा परीक्षा देना और पास करना। इस बार तुम फेल हो या पास कोई बात नहीं। परिवार वाले बिना अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए।

बताया जाता है कि नितिन अपने तीन भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां दुलारो देवी, दो भाई सरोज,रितेश और दो बहन दुर्गावती-श्रुति हैं। नितिन के पिता आरा व्यवहार न्यायालय में वकील है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां दुलारो देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मालदा मंडल में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

टिकानी-धौनी खंड में पुल सं. 60 एवं 61 के लिए आरसीसी बॉक्स एवं स्लैब को लॉन्च किए जाने के संबंध में, **दिनांक 25.02.2024 (रविवार) को** भागलपुर-दुमका खंड में **5 घंटे (सुबह 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक) के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों को इस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा: • **दिनांक 25.02.2024 को रद्दकरण: 03441** हंसडीहा-भागलपुर पैसेंजर एवं **03444/03443** भागलपुर-हंसडीहा-भागलपुर पैसेंजर। • **दिनांक 25.02.2024 को संक्षिप्त यात्रा समापन/संक्षिप्त यात्रा आरम्भ: 13334/13333** पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस भागलपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा आरम्भ करेगी तथा **03482** भागलपुर-गोड्डा डेमू स्पेशल हंसडीहा से संक्षिप्त यात्रा आरम्भ करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

# वॉटर पाइपलाइन का काम शुरु, गुस्साए चौसा के किसान

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के चौसा में थर्मल पॉवर वॉटर पाइपलाइन का कार्य जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में कराते देख किसान आक्रोशित हो गए। इसके विरोध में किसानो द्वारा अपना तंबू एक बार फिर थर्मल पॉवर के गेट के पास गाड़ दिया गया है। हालांकि किसानों द्वारा गेट को जाम नही किया गया। किसानों द्वारा बताया गया कि जब तक जिला प्रशासन हमारी मांग पूरी नहीं करेगा तब तक वॉटर पाइपलाइन और रेल कॉरीडोर का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। आक्रोशित किसान हाथ में तिरंगा झंडा लिए 1320 मेगावॉट निर्माणाधीन थर्मल पॉवर के मुख्य गेट से सौ मीटर की दूरी पर बैठ गए हैं। बता दें कि वॉटर पाइपलाइन का कार्य कराने के लिए दोपहर भारी पुलिस बल के साथ बक्सर के एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा, एसडीपीओ धीरज कुमार एवम भू-अर्जन पदाधिकारी महादेवा घाट के पास पहुंच हुए थे। यहां कंपनी के ठेकेदार द्वारा जेसीबी के सहारे पाइप लाइन का एप्रोच बनाया गया। हालंकि यह कार्य सरकारी जमीन में किया गया। लेकिन किसान अपने खेतों में काम आगे बढ़ने की आशंका पर खड़े रहे। किसानों द्वारा जिला प्रशासन पर धमकाने का आरोप लगाया गया। हालांकि 16 महीने से धरना पर बैठे किसानों को जब यह जानकारी हुई कि पुलिस बल के साथ वॉटर पाइपलाइन का कार्य शुरू हो गया है तो वो अपने पुराने धरना स्थल से टेंट उखाड़ थर्मल पावर के मुख्य गेट के नजदीक पहुंच गए। मुख्य गेट के पास बैठे किसान रामप्रवेश यादव ने बताया कि प्रशासन के कुकृत्य के खिलाफ अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना गेट के बगल में प्रारंभ कर दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में नोखा की ओर रेल फ्लाई ओवर आरा–सासाराम को आईआर लाईन से जोड़ने के लिए कनेक्शन (डीएफसीसीआईएल आरएफओ के कारण)**

**खुली ई–निविदा सूचना सं० क०वि० — ओ०टी०–14–डीएफसी–एफओ–23–24**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में नोखा की ओर रेल फ्लाई ओवर आरा–सासाराम को आईआर लाईन से जोड़ने के लिए कनेक्शन (डीएफसीसीआईएल आरएफओ के कारण) **2. अनुमानित रकम :** रू० 3,29,64,271.18, **3. बयाना राशि :** रू० 314800.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 12/03/2024 को 15:00 बजे तक, **5. वेबसाइट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर/ क०वि०, डीडीयू**

**पीआर/2349/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/23–24/32**

# बाइक से गिरकर महिला की मौत, जा रही थी बाजार

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के संदेश बाजार पर मंगलवार को बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृतका संदेश थाना क्षेत्र के भीमपुरा गांव निवासी अजय सिंह की 40 वर्षीया पत्नी बबीता देवी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने भतीजे के साथ बाइक पर पीछे बैठकर अपने गांव से संदेश बाजार जा रही थी। उसी दौरान संदेश बाजार के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने के कारण वह बाइक से असंतुलित होकर गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से



प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:** ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–17–23, **दिनांक** 17.02.2024, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–17–23** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत हावड़ा में नए प्लेटफॉर्म नं. 24 के निर्माण के सिलसिले में 25 केवी एसी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 80,78,557.30, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति राशि जमा :** रु. 1,61,600/–, **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.03.2024 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-504/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर पाँच (05) वर्षों (1827 दिनों) के लिए कैटरिंग स्टालो का संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

| 1 | कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि | ई–नीलामी कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी लॉट संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | कोसियारा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | CATG-DDU-26 | Catg-DDU-KVQ-GMU-52-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | हैदर नगर स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-HDN-GMU-51-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | काष्ठा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KSTA-GMU-3-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | चरपोखरी हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-CRQ-GMU-56-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | नगरीग्राम हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-NGIM-GMU-57-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | धनैचा हाल्ट के अप प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-DCX-SMU-15-23-3 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं० 03 के लिए | | Catg-DDU-BBU-SMU-66-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | बढ़की सलैया के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BSYA-SMU-48-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | सिगसिगी प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-SQS-SMU-55-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | गढ़ नोखा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-GNK-SMU-64-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 04.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AA/1 | कर्मनाशा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | CATG-DDU-27 | Catg-DDU-KMS-GMU-13-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | चिरैला पौथु हॉल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-CPBH-GMU-77-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | सैयदराजा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-SYJ-GMU-12-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | गंजख्वाजा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-GAQ-GMU-9-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | सतबहनी स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-SZF-GMU-53-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AA/6 | नोनार हाल्ट स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-NON-GMU-58-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | बराव मोड़ हॉल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BMHT-SMU-63-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | इसमाइलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-IMGE-SMU-6-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | करकटा स्टेशन प्लेटफार्म सं० 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KRTA-SMU-54-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | घुसिया कलां हाल्ट स्टेशन प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-GSK-SMU-59-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 05.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AA/1 | संझौली हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | CATG-DDU-28 | Catg-DDU-SJV-GMU-61-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | बघोईकुसा हॉल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BHKH-GMU-45-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | खुर्माबाद रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KVD-GMU-35-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | हसन बाजार स्टेशन हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-HBSH-SMU-62-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | करवंन्दिया स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KWD-SMU-40-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | कुम्हाऊ स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KMGE-SMU-39-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | कजरात नवाडीह स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KYF-SMU-50-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | मुठानी स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-MTGE-SMU-18-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/6 | मानी हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-MANI-SMU-60-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/7 | दुर्गावती स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-DGO-SMU-74-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 06.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AA/1 | चन्दौली मझवार स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | CATG-DDU-29 | Catg-DDU-CDMR-GMU-10-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | परैया स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-PRY-GMU-4-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | पहलेजा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-PHE-GMU-41-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | देवरिया खुर्मा नरेश हाल्ट स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-DKMN-SMU-44-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | बगहा बिशुनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BCJ-SMU-46-23-2 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | अंकोरहा स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-ANH-SMU-47-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | पुसौली स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-PSE-SMU-19-23-3 | ई–नीलामी दिनांक 07.03.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |

**2. वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

पीआर/2352/डीडीयू/एमईसीएच/एन/23–24/200

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

# एनडीए की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का होगा पहला बिहार दौरा

## अमित शाह और राजनाथ सिंह भी आएंगे

**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार भाजपा ने अपनी तैयारी और तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा होने के पहले पार्टी के वरीय नेताओं का बिहार दौरा का कार्यक्रम तय हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मार्च के प्रथम सप्ताह में बिहार आएंगे। जबकि इस महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार आएंगे। इन नेताओं के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मार्च को बिहार आ सकते हैं। प्रधानमंत्री चंपारण में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे केंद्र सरकार की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इसके पहले जनवरी-फरवरी महीने में प्रधानमंत्री के दौरे का दो कार्यक्रम स्थगित हो चुका है। अब नई तारीख तीन मार्च सामने आई है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी पटना आने वाले हैं। वे 5 मार्च को पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं इस महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार आएंगे। वे दो जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री का बिहार दौरा 28 फरवरी को हो सकता है। इस दिन वे सीतामढ़ी, छपरा, मधुबनी या दरभंगा में से किसी दो स्थानों पर जनसभा को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर पार्टी के स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। एक-दो दिनों में स्थान तय कर इसकी सूचना केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी जाएगी।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी एक दिनी दौरे पर बिहार आ रहे हैं। यूपी के डिप्टी सीएम 23 फरवरी को आने वाले हैं। शाहाबाद क्षेत्र में इनकी जनसभा होगी। वे पार्टी की ओर से आयोजित होने वाले संत रविदास समारोह में शामिल होंगे।



## लोकसभा चुनाव में फिर जीरो पर आउट होगी तेजस्वी यादव की आरजेडी : शाहनवाज हुसैन

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा में एक भी सीट नहीं है और वे केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कर रहे हैं। जनता ने 2019 में जीरो पर आउट किया। 2024 में भी तेजस्वी की पार्टी को जीरो पर आउट होगी। 40 की 40 सीटें भाजपा व उसकी सहयोगी दलों को मिलेगी। नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले के गोबरसही डुमरी स्थित एक रेस्तरां में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजद और तेजस्वी यादव का डीएनए बिहार की जनता अच्छी तरह जान चुकी है। कांग्रेस की भी हालत किस तरह बदहाल है, वह जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। वह जनता के विश्वास पर शत प्रतिशित खड़े उतरे हैं। यहां अब किसी के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। जन विश्वास के नाम पर सिर्फ भ्रमण होगा, तेजस्वी और राजद को यात्रा से कुछ हासिल होने वाला नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आधी रात को पड़ोस की लड़की के साथ पकड़ा गया बीपीएससी शिक्षक, लोगों ने करा दी शादी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बीपीएससी शिक्षक को अपनी प्रेमिका से मिलना भारी पड़ गया. ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में दोनों को पकड़ लिया और प्रेमी जोड़े की शादी करा दी. बीपीएससी शिक्षक आधी रात में छिपकर अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया. इसी दौरान दोनों को लोगों ने धर दबोचा. जिसके बाद उनकी शादी करा दी गई. बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग में रंगेहाथ पकड़ाने के बाद बीपीएससी शिक्षक को राजी-खुशी शादी करनी पड़ी, पूरा मामला औराई थाना क्षेत्र के भलूरा पंचायत के जगौगिला गांव का है. बता दें कि शिक्षक को स्थानीय लोगों ने प्रेमिका के कमरे से रात 12 बजे पकड़ लिया और शादी के लिए राजी कराया. मीनापुर थाना क्षेत्र के दही पट्टी के एक शिक्षक की नियुक्ति बीपीएससी द्वारा नवंबर में मध्य विद्यालय जोगलिया उर्दू में हुई थी. वहां शिक्षक किराए का मकान लेकर मां के साथ रह रहा था, इसी बीच पड़ोस की लड़की से उसे प्यार हो गया. दोनों चुपके-चुपके मिलते रहे, देर रात जब शिक्षक को प्रेमिका के कमरे में स्थानीय लोगों ने घुसते देखा तो उसे रंगे हाथों पकड़ कर शादी करा दी. शिक्षक ने बताया कि वह लड़की से प्रेम करता है. बिना किसी दबाव के उसने प्रेमिका से शादी रचाई है. उसके घर वाले भी विवाह से राजी हैं. ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक उक्त विद्यालय में शिक्षक की प्रेमिका की छोटी बहन पढ़ती थी, जिसके सहारे शिक्षक की युवती से पहचान हुई और फिर मोबाइल नंबर लेकर दोनों की बाते शुरू हो गई. धीरे धीरे बातचीत आगे बढ़ी तो दोनों के बीच दोस्ती हो गई, फिर दोस्ती प्यार में बदल गई.

### आज लगेगा जॉब कैंप :ऑन स्पॉट मिलेगी नौकरी, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नियोजनालय में आयोजित




**बेगूसराय, एजेंसी।** श्रम संसाधन विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक बेरोजगारों को निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त श्रम भवन में प्रत्येक माह नियोजन कैंप लगाया जाता है। 22 फरवरी को नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यूनतम आठवीं पास रोजगार भी शामिल हो सकते हैं। उन्हें फ्लिपकार्ट से लेकर पेप्सी कंपनी तक में नौकरी मिल सकती है। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग बिहार के तत्वावधान में नियोजन-सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन जिला मुख्यालय के पन्हास आईटीआई कैंपस में स्थित संयुक्त श्रम भवन में 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। 11 नियोजकों के शामिल होने की संभावना

नियोजन मेला में निजी क्षेत्र के राज्य एवं राज्य के बाहर के करीब 11 नियोजकों के शामिल होने की संभावना है। जिनके द्वारा न्यूनतम 8 वीं पास से स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक एवं अन्य योग्यताधारी को इंटरव्यू के माध्यम से ऑन स्पॉट रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इस नियोजन मेला नियोजक के रूप में प्रमुख रूप से फ्लीप कार्ट, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण बैंक, एडुवांटेज, आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स, नवभारत फर्टिलाइजर, क्वेस कार्प, जीएस मोटर्स, फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस, अकार्यो इंडिया, केवायपी एलएफ एवं पेप्सी का वरुण वेवरेज इत्यादि नियोजक भाग ले रहे है।

### सन्हौला में 20 बोरा सरकारी चावल के साथ दो गिरफ्तार

**भागलपुर/सन्हौला।** सन्हौला पुलिस ने ऑटो पर 20 बोरा सरकारी अरवा चावल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सन्हौला थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक ऑटो पर सरकारी अरवा चावल बेचने के लिए सन्हौला की ओर जा रहा है।

# बिहार में स्कूलों की टाइमिंग में हुआ बदलाव

## सीएम की हिदायत के बाद शिक्षा विभाग ने जारी किया नया टाइम टेबल



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी स्कूलों में अब सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कक्षाएं लगेंगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की. जिसके बाद शिक्षा विभाग ने मंगलवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. अधिसूचना जारी होते ही सरकार का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. नई समयावधि में पढ़ाई की कुल आठ घंटियां होंगी. इस आशय का आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने जारी किया है.

### मिशन दक्ष की कक्षाओं में बदलाव नहीं

शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय प्राथमिक / माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए केवल संशोधित टाइम टेबल ही जारी किया है. मंगलवार को जारी अधिसूचना में घंटियों की समयावधि के अलावा पहले से चली आ रही शेष स्कूली गतिविधियां को 28 नवंबर की अधिसूचना के तहत जारी रखने की बात कही है. घंटियों के अलावा शैक्षणिक गतिविधियों की टाइमिंग अभी तय होना बाकी है.

### शिक्षक की छुट्टी कब होगी?

पिछले साल 28 नवंबर को शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग को लेकर आदेश जारी किया था. उस आदेश के मुताबिक पीरियड खत्म होने के बाद मिशन दक्ष की कक्षाएं चलेंगी. इसके बाद आधा घंटा के बच्चों को छोड़ कर होम वर्क चेक किये जायेंगे. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह गतिविधियां अभी भी जारी रहेंगी. हालांकि उनका समय एक बार फिर निर्धारित हो सकता है. इस तरह शिक्षक की स्कूल से छुट्टी कब होगी, इसकी टाइमिंग अभी साफ नहीं है.

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की थी घोषणा

इसके पहले सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ही ऐसा करने को कह दिया गया था. अब तक नहीं हो पाया है तो इस बारे में उन्हें जानकारी दी जानी चाहिए थी. विधानसभा में मुख्यमंत्री ने सदस्यों को बताया कि इसको लेकर वह तुरंत विभाग से बात कर लेते हैं. पहले जो दिये गये आदेश हैं, उसमें सुधार कराकर स्कूलों में पढ़ाई की अवधि सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक करा दी जायेगी.

### के के पाठक का फैसला बदलेंगे मुख्यमंत्री नीतीश

शिक्षकों को मिलेगी बड़ी राहत, अब 10 बजे से 4 बजे तक चलेगा सरकारी स्कूल। मुख्यमंत्री ने कहा- क्या अभी तक शिक्षा विभाग ने संशोधन नहीं किया है? यह बिल्कुल गलत है। हम अभी तुरंत के के पाठक को बुला रहे हैं, पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं. मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का नाम लिये बगैर कहा कि स्कूलों में पठन-पाठन का समय नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर दिया था. इसको लेकर उन्होंने पहले ही कह दिया था कि ऐसा नहीं होना चाहिए. यह बात पहले कह दिया था और उसने इसे नहीं किया था तो उनको बुलाकर बात करेंगे. सदन के भीतर राजद की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो आप लोग ही इसे देखते थे. जब वे बात नहीं माने तो पहले ही कहते कि आपका बात नहीं मान रहा है. उनको उसी समय कहते. मुख्यमंत्री ने सदन में ही ट्रेजरी बेंच पर बैठे शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी को कुछ निर्देश दिया. मंगलवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही भाकपा माले के सत्यदेव राम ने सदन में इस मामले को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर इस पर चर्चा कराने की मांग की. इसके समर्थन में महबूब आलम सहित विपक्ष के सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा दिये गये पूर्व के आदेश को तुगलकी फरमान बताया. विपक्ष के सदस्यों की मांग थी कि शिक्षा विभाग के इस आदेश से स्कूलों में पठन-पाठन का काम अस्त-व्यस्त हो गया है. स्कूलों में पठन-पाठन का काम 10 बजे से चार बजे तक होनी चाहिए. इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके समय में भी स्कूलों में पढ़ाई 10 बजे से चार बजे तक होती थी. पूर्व की तरह अब भी 10 बजे से चार बजे तक ही पढ़ाई होगी.

### 10 से चार चलेंगी कक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक पहली घंटी सुबह 10 बजे से 10.40 बजे तक चलेगी. आखिरी और आठवीं घंटी दोपहर 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक होगी. बाकी स्थिति यथावत रहेगी. माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से सभी जिला पदाधिकारियों और विद्यालय पदाधिकारियों को भेज दी है. पहले के नोटिफिकेशन में पहली घंटी 9.30 बजे लगती थी. आठवीं घंटी साढ़े तीन बजे ख़त्म होती थी.

| | |
|---|---|
| पहली घंटी | 10 बजे से 10.40 मिनट तक |
| दूसरी घंटी | 10.40 बजे से 11.20 मिनट तक |
| तीसरी घंटी | 11.20 से 12.10 बजे तक |
| चौथी घंटी | 12.10 बजे से 12.50 बजे तक |
| मध्यांतर | 12.50 से 01.30 बजे तक |
| पांचवी घंटी | 01.30 बजे से 2.10 बजे तक |
| छठी घंटी | 2.10 बजे से 2.50 बजे तक |
| सातवीं घंटी | 2.50 बजे से 3.30 बजे तक |
| आठवीं घंटी | अपराह्न 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक |

### नया टाइम टेबल

अब 10 :00 बजे से 04 :00 बजे तक चलेंगे सरकारी स्कूल।

### पहली घंटी से आधा घंटा पहले पहुंचना होगा शिक्षकों को

उल्लेखनीय है कि 28 नवंबर को जारी की गयी अधिसूचना में कहा गया था कि पहली घंटी से पहले प्रार्थना / योगाभ्यास/ व्यायाम / ड्रिल की जायेगी. जाहिर है कि यह कवायद अभी भी दस बजे से पहले ही होगी. ऐसे में शिक्षकों को पहली घंटी से कम से कम आधा घंटा पहले ही पहुंचना होगा. दरअसल मंगलवार को जारी अधिसूचना में घंटी शुरू होने से पहले और आठवीं घंटी के बाद की गतिविधियों के बारे में कुछ नहीं लिखा गया है.

# अगलगी में सात घर जलकर खाक, आठ लाख का नुकसान

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई अगलगी में 7 घर जलकर खाक हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घर मे रखे 3.50 लाख कैश समेत घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस भीषण अगलगी में 8 लाख से भी अधिक के नुकसान का अनुमान है। आग की ऊंची उठती लपटें आसपास के गांव तक दिखाई दी। अगलगी की सूचना के फौरन बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, जब तक आग की लपटें शांत हुई। सबकुछ जलकर खाक हो चुका था। अगलगी की पहली घटना रुपौली थाना क्षेत्र के भिखना पंचायत के महुआ बाड़ी गांव से सामने आई। यहां बीती रात करीब 11 बजे देखते ही देखते 3 घर आग की तेज लपटों की चपेट में आ गए। इससे घर में रखे करीब 50 हजार कैश समेत घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर समेत घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवारों में बिमला देवी, रेखा देवी, मनीषा देवी शामिल हैं। शोर होने पर लोग मौके पर जुटे। जिसके बाद स्थानियों ने फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की सूचना दी। वहीं, घटना की सूचना पाकर दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिर जाकर किसी तरह घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस भीषण अगलगी में करीब 2 लाख के नुकसान की बात सामने आ रही है। वहीं, अगलगी की दूसरी घटना अमौर थाना क्षेत्र के मझुवा गांव की है। यहां रात गए करीब 9 बजे किचन से भड़की आग से 4 घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए। अगलगी की वजह गैस का लीक होना बताया जा रहा है। आग की लपटें कलीम के घर के किचन से उठी। जिसने देखते ही देखते आसपास के 3 घरों को अपने चपेट में ले लिया। पीड़ित परिवारों में कलीम के अलावा अजमूल, कुदूस और अख्तर शामिल हैं। इस भीषण अगलगी में इनके घर में रखे करीब 4 लाख कैश, अनाज, फर्निचर, कपड़ा समेत कई दूसरी चीजें जलकर स्वाहा हो गईं। इस भीषण अगलगी में पीड़ित परिवारों ने 6 लाख रुपए के नुकसान की बात बताई है। वहीं अगलगी के फौरन बाद स्थानियों ने कॉल कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने अगलगी पर काबू पा लिया है।

# अगलगी में जले दर्जनभर दुकान

निज संवाददाता

**किशनगंज।** किशनगंज में भीषण अगलगी की वारदात सामने आई है। इस अगलगी में करीब एक दर्जन दुकान जलकर राख हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के छैतल पंचायत के दोगच्छी हाट में बुधवार सुबह करीब 5 बजे अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दर्जनभर दुकानों को जलाकर राख कर दिया है। इधर आग को देख इलाके में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गई है। इधर, स्थानीय लोगों ने उक्त घटना की सूचना अग्निशमन दल को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल के कर्मी और आसपास के गांव से आए हुए स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर से काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया है।

लेकिन तब तक इन दुकानों के सभी सामान जलकर राख हो गया है, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पीड़ित मो. फैजल ने बताया कि आग कैसे लगी इसका पता अब तक नहीं चल पाया है। पीड़ित मो.फैजल आलम ने बताया कि इस अगलगी में जली दुकानों में मिठाई के दुकान, पान की दुकान, किराना, कपड़े आदि दुकानें शामिल है। जिसको लेकर पीड़ितों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# दियारा में फायरिंग करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में मक्का की खेती को लेकर विवाद में हुए फायरिंग मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना के गंगा दियारा क्षेत्र में हुआ था। सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि 20 फरवरी को औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना के दियारा में मक्का की खेती को लेकर फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की शुरू कर दी थी। इधर, पुलिस अधीक्षक के निगरानी में सिटी डीएसपी के नेतृत्व में नाथनगर, बरारी, औद्योगिक प्रक्षेत्र, इस्माइलपुर, प्रवक्ता पुलिस सीआईएटी टीम और एसटीएफ के संयुक्त टीम के साथ छपामारी की गई छापेमारी के क्रम में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सिटी डीएसपी बताया कि अन्य अपराधियों के खिलाफ छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान शिताबी मंडल के बेटे गुटरंगा मंडल उर्फ सुनील मंडल और अलालपुर निवासी महेश्वर मंडल के बेटे कुंदन मंडल शामिल है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इसे गिरफ्तार किया है। औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के बरारी पुल घाट के उस पर मक्का के फसल को दो पक्षों के बीच करीब 20 से 25 राउंड फायरिंग हुई थी, मामले को लेकर मक्का के फसल का विवाद बताया जा रहा है। इसके बाद दोनों पक्षों के तरफ से गोलीबारी की गई थी। गोलीबारी की आवाज से समांतर पुल का चल रहे निर्माण कार्य (एसपी शिमला कंस्ट्रक्शन कंपनी) के कर्मी और अन्य लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया था। गोलीबारी की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की थी, हालांकि पुलिस को देख मौके से बदमाश फरार हो गए थे।

# भूमि विवाद को लेकर जमकर हुई मारपीट, तीन लोग घायल



निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई है। पड़ोसी से हुई मारपीट में एक ही परिवार के 3 लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीयों की मदद से GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। विवाद 15 डिसमिल जमीन से जुड़ा है। घटना चंपानगर थाना क्षेत्र के जगन्नाथ गांव से जुड़ी है। घायलों में चंपानगर थाना क्षेत्र के परोरा गांव निवासी दिनेश साह (50), विष्णु साह (30), मुकेश साह (35) शामिल हैं। जानकारी देते हुए दिनेश साह के भतीजे राजेश कुमार साह ने बताया चंपानगर थाना क्षेत्र के परोरा गांव में उनके चाचा दिनेश साह के पूर्वज के नाम से जमीन है। इसी जमीन को लेकर पिछले एक साल से उनका अपने पड़ोसी साधुचंद साह से विवाद चल रहा है। 15 दिन पहले भी उनके बीच इसे लेकर विवाद हुआ था। कोर्ट ने इस जमीन पर स्टे ऑर्डर लगा रखा है। पड़ोसी के तरफ से बढ़ते तनाव की वजह से वे लोग चंपानगर थाना गए थे। विवादित जमीन से होकर ही उनके घर का रास्ता जाता है। लौटने के क्रम में उन्होंने विवादित जमीन पर पड़ोसी परिवार के 6 अन्य लोगों के साथ लाठी -डंडे, हरवे हथियार के जोर पर दीवार खड़ी कर रहे थे। जिसे लेकर उन्होंने आपत्ति जताई। इसी के बाद विवाद बढ़ गया। जिसके बाद पड़ोसी ने घर के 6 अन्य सदस्यों के साथ उसके ऊपर हमला कर दिया। उन्हें पीटता देख उनके घरवाले बीच बचाव में कूदें। जिसके बाद उन्होंने उनके ऊपर भी लाठी डंडे और हारवे हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, मारपीट और तनाव देख मौके पर जुटे स्थानीय बीच बचाव में आए साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया गया। जहां तीनों का इलाज जारी है। वहीं, इस मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने पड़ोसी के खिलाफ लिखित शिकायत दी गई है। घटना की जानकारी देते हुए चंपानगर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित को इलाज के बाद आवेदन देने को कहा गया है।

# मारपीट से नाराज होकर महिला ने खाई कीटनाशक, गंभीर हालत में भर्ती

निज संवाददाता



**गोपालगंज।** गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के बेदू टोला गांव में एक महिला ने कीटनाशक दवा खा ली, जिससे महिला अचेत हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की पहचान बेदू टोला गांव निवासी रामानंद राम की पत्नी अनारकली देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि थावे थाना क्षेत्र के बेदू टोला गांव निवासी कीटनाशक दवा के सेवन करने से अचेत महिला का उसके पति रामानंद राम से पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों पति पत्नी के बीच लड़ाई हो गई। पति ने पत्नी की पिटाई भी कर दी। पिटाई से आहत महिला ने घर में रखे सब्जी के पौधों में डालने वाला कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। सेवन करने के कुछ देर बाद महिला अचेत हो गई। इसकी जानकारी होते ही महिला के पति समेत अन्य परिजनों ने महिला को इलाज के लिए थावे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तत्काल गोपालगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोल्हान में आजसू ने तीन विधानसभा सीट पर ठोका दावा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कोल्हान में आजसू ने तीन सीट पर दावा किया है। यह आजसू पार्टी द्वारा जारी विधानसभा प्रभारियों की सूची से स्पष्ट हो गया है। आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की ओर से विधानसभा प्रभारी के साथ-साथ विभिन्न प्रखंडों के प्रभारियों का मनोनयन किया गया है। ये प्रभारी प्रखंड, जिला एवं पंचायत से लेकर चूल्हा प्रमुख के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर संगठन का विस्तार करने का कार्य करेंगे। इधर कोल्हान प्रमंडल की बात करें तो ईचागढ़ विधानसभा सीट के लिए पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जुगसलाई विस सीट के लिए रविशंकर कुमार, बहरागोड़ा विधानसभा सीट के लिए फणि भूषण महतो को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। जमशेदपुर प्रखंड से स्वपन सिंह देव, चंद्रगुप्त सिंह, संजय मालाकार, मन्नू महतो, प्रकाश विश्वकर्मा को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जुगसलाई में कन्हैया सिंह, मुन्ना सिंह ब्रजेश, प्रणव मजूमदार, मानगो में शेख आरिफ, चंदेश्वर पांडेय, सिरे सिंह को, आदित्यपुर से सचिन महतो, चांडिल से मनोरंजन ठाकुर, गम्हरिया से चुंका मार्डी, ईचागढ़ से पुलक सत्पथी, पोटका से कृतिवास मंडल, डोमन पोटका, पटमदा से गीतांजलि महतो व आदित्य महतो, नीमडीह से भरत महतो, बोड़ाम से धर्मवीर सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, बनबिहारी महतो, सुशेन महतो, अजीत सिंह पातर को भी ब्लाक प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एनसीसी ने रैली निकाली

**धनबाद, एजेंसी।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मंगलवार को 36 झारखंड बटालियन एनसीसी ने शहर में जागरुकता रैली निकाली। इस रैली के दौरान लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 25 फरवरी तक जिला में चल रहे मार्क्स ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम की जानकारी दी गई और लोगों से दवा खाने की अपील की गई। इस रैली में 36 झारखंड बटालियन एनसीसी के समादेशी पदाधिकारी कर्नल कंडवाल (सेना मेडल से सम्मानित) द्वारा निर्देशित पीकेआरएम कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज और पी एकेडमी के 170 कैडर शामिल थे। गांधी चौक से शुरू हुई यह रैली बी सर्कुलर रोड, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, रणधीर वर्मा चौक, सदर अस्पताल और कोर्ट मोड़ होते वापस गांधी चौक लोटी। इस दौरान पूरे रास्ते लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा खाने को जागरूक किया गया। इस रैली में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार, जिला मलेरिया समन्वयक रमेश कुमार सिंह, पीकेआरएम के एनसीसी पदाधिकारी कैप्टन संजय कुमार सिंह, सहायक जगबंधु रवानी, अखिलेश कुमार, वरीय सूबेदार ध्यान सिंह समेत एनसीसी और स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी शामिल थे।

### मुकुंदा में 65 महिलाओं ने पेंशन के लिए फार्म भरा

**धनबाद/अलकडीहा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत मंगलवार को मुकुंदा पंचायत भवन में शिविर आयोजित की गई। शिविर में 65 महिलाओं ने पेंशन के लिए आवेदन भरा। बलियापुर प्रखंड के नोडल पदाधिकारी हरेराम दुसाध ने कहा कि पेंशन योजना में राज्य सरकार ने संशोधन कर दिया है। अब 50 वर्ष से उपर की महिलाओं को सरकार पेंशन के रूप में एक हजार रूपया प्रति माह देगी। कोई भी महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती है! एससी एसटी के लिए पुरुष एवं महिलाएं दोनों को लाभ मिलेगा, बसर्ते उनकी आयु 50 से अधिक होनी चाहिए।

### महायज्ञ में मंडप परिक्रमा करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**धनबाद/जोड़ापोखर, एजेंसी।** जोड़ापोखर डुमरी तीन नम्बर स्थित शिव मंदिर जीणोद्धार एवं श्री श्री 108 पंचवटी शिवशक्ति सीताराम हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को मंडप परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से लेकर शाम तक यज्ञ मंडप परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। पंडित विवेकानंद शास्त्री, भीमानंद मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन शुरू कराया। मंडप गणेशादि सहित सर्व देवी देवता पूजन,अग्नि स्थापना, शाम को संध्या आरती, पुष्पांजलि कराया गया।

# रांची में 3211 करोड़ की लागत से बनेगा शहर का सीवरेज सिस्टम

## 2057 की पॉपुलेशन को ध्यान में रखकर तैयार प्रोजेक्ट



**रांची, एजेंसी।** रांची शहर का सीवरेज सिस्टम 3211 करोड़ की लागत से बनेगा। राजधानी को चार जोन में बांटकर इस परियोजना को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इस परियोजना को साल 2057 की जनसंख्या को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मंगलवार को नगर निगम सभागार में स्टेकहोल्डर्स की बैठक में एनजेएस एजेंसी ने रांची शहर के लिए सीवरेज सिस्टम एंड सिटी वाइड इन्क्लुसिव सैनिटेशन (सीडब्ल्यूआइएस) पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह जानकारी दी।

इस दौरान बताया गया कि राजधानी को स्वच्छ रखने के लिए सीवरेज सिस्टम का लागू होना जरूरी है। नगर निगम के सहयोग से इस कार्य के लिए जुडको की ओर से क्रियान्वयन शुरू किया गया है। परामर्शी कंपनी एनजेएस ने डीपीआर तैयार किया है।

डीपीआर के अनुसार, रांची शहर में 1945.41 किलोमीटर क्षेत्र में सीवरलाइन बिछाई जाएगी। सीवरेज सिस्टम पर कुल 3210.43 करोड़ रुपये की लागत आएगी। परामर्शी एनजेएस की ओर से बताया गया कि सीवरेज सिस्टम के तहत रांची नगर निगम की ओर से पूर्व से ही नौ वार्डों में कार्य कराया जा रहा है। जोन-1 के शेष हिस्सों को मिलाकर अन्य तीन जोन में सीवरेज सिस्टम विकसित किए जाएंगे।

इस परियोजना के तहत तीन नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाए जाएंगे। वर्तमान में शहर का गंदा पानी स्वर्णरेखा नदी होते हुए रुक्का डैम में जाता है। सीवरेज सिस्टम विकसित होने के बाद गंदा पानी साफ होकर रुक्का डैम में पहुंचेगा।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद भविष्य में पानी की आत्मनिर्भरता बढ़ जाएगी। रांची नगर निगम की ओर से जोन-1 में 280 किलोमीटर सीवरलाइन बिछाई जा रही है।

इसके अलावा वार्ड-4 स्थित बड़गाई-लेम में 37 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी कराया गया है। एसटीपी से गैस भी निकलेगी, जिससे ऊर्जा का उत्पादन होगा। सीवरेज सिस्टम विकसित होने के बाद पानी जनित रोग पर भी नियंत्रण होगा।

भरम टोली, होटवार व हेथू में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जाएंगे। वर्ष 2057 में रांची शहर की आबादी 30,25,792 हो जाने का अनुमान है, जबकि हाउसहोल्ड की संख्या 3,41,336 होगी।

वर्ष 2057 तक इस अनुमानित जनसंख्या के आधार पर 449.59 एमएलडी सीवेज निकलने की संभावना है। परियोजना के तहत नेशनल हाईवे पर 36, पथ निर्माण के मार्ग, रेलवे से संबंधित 10 स्थल, तीन आरओबी, 37 नदी-नाला व सात मीटर की गहराई पर कुल 52 स्थानों पर सीवरेज सिस्टम के पाइपलाइन की क्रासिंग होगी।

स्टेक होल्डर्स की बैठक में एनजेएस के अधिकारी योगेश गोखले व मंदार पिपुलकर ने डीपीआर व सीवरेज सिस्टम की विस्तृत जानकारी दी। जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपालजी ने परियोजना की आवश्यकता व लाभ की जानकारी दी।

मौके पर पूर्व नगर विकास मंत्री सह वर्तमान विधायक सीपी सिंह, नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार, अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, अनवर हुसैन, जुडको के महाप्रबंधक एएस सेन गुप्ता व उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र उपस्थित थे।



## चंपई सोरेन को देख निराश हुए भाजपा समर्थक, बीच सभा में कुर्सी छोड़ लौटे घर

**गिरिडीह, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सभा को ले स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का सैंकड़ों संख्या में लोग गवाह बने। इनमें कुछ ऐसे भी सीधे-सादे लोग पहुंचे थे जो अपने मन से नहीं बल्कि किसी के कहने व प्रलोभन के बल पर आए थे। इनमें से कइयों को ये भी पता नहीं कि यहां कौन आए हैं। बस ये जान रहे थे कि कोई आए हैं।

कोई प्रधानमंत्री की बात कह रहा था तो कोई हेमंत सोरेन को देखने को पहुंचने की बात कहकर हंसते हुए निकल जा रहे थे। इसी क्रम में कुछ लोगों से स्टेडियम में आने का प्रायोजन पूछा गया तो उनकी बातें अचंभित करने वाली थी। उन्हें ये भी नहीं पता था कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अपने कुनबे के साथ यहां अबुआ आवास के लाभुकों को स्वीकृति पत्र देने पहुंचे हैं।

स्टेडियम में मुख्यमंत्री सोरेन का आगमन हुआ और वे लोगों को संबोधित भी किए। मौजूद कुछ ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखने आए थे और देखकर अब जा रहे हैं तो कोई हेमंत सोरेन के लिए पहुंचा था।

# झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने तीन-दिवसीय इटखोरी महोत्सव का किया उद्घाटन



**चतरा, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य में सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों को सुरक्षित और सुंदर बनाया जाएगा। सोरेन ने यह टिप्पणी चतरा जिले में तीन-दिवसीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में की।

वर्ष 2015 में शुरू किए गए इटखोरी महोत्सव को 2016 में आधिकारिक तौर पर एक राज्य मेले के रूप में मान्यता दी गई थी। इटखोरी को एक मिनी मंदिर शहर के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो राज्य की राजधानी रांची से लगभग 150 किमी. दूर स्थित है। इटखोरी ऐतिहासिक महत्व रखता है और इसे हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मों के लिए एक सम्मिलन बिंदु माना जाता है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाता है।

वहीं मुख्यमंत्री ने कहा, ''इटखोरी हिंदुओं, बौद्धों और जैनियों के लिए पूज्य है। तीन-दिवसीय उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोरेन ने पुष्टि की, ''झारखंड में गठबंधन सरकार राज्य भर में सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों को सुरक्षित करने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने इटखोरी के भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। एक अधिकारी के मुताबिक, राज्य सरकार ने महोत्सव की निधि को पहले के 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 80 लाख रुपए कर दिया है।

# झारखंड के लिए पीएम मोदी ने लगा दी तोहफों की झड़ी, 26 फरवरी को 226.71 करोड़ की देंगे सौगात



**धनबाद, एजेंसी।** 26 फरवरी का दिन रेलवे के लिए बेहद खास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर में निर्मित हो चुके रेल ओवरब्रिज व अंडरपास का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। साथ ही नए ओवरब्रिज, अंडरपास समेत अन्य नई योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

धनबाद रेल मंडल के झारखंड के हिस्से वाले अलग-अलग शहरों को प्रधानमंत्री की ओर से 226.71 करोड़ की 20 सौगातें मिलेंगी। धनबाद के गोमो व बोकारो के तेलो के बीच दो अंडरपास समेत 17 नवनिर्मित अंडरपास का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे।

पाथरडीह के भाटडीह रेल फाटक पर नए अंडरपास निर्माण योजना का शिलान्यास करेंगे। बरकाकाना- गढ़वा रोड और हजारीबाग रोड स्टेशन के पास रेलवे और राज्य सरकार की ओर से नए रेल ओवरब्रिज निर्माण योजना का भी शिलान्यास करेंगे।

पीएम के मेगा कार्यक्रम को लेकर रेलवे ने पूरी ताकत झोंक दी है। अलग-अलग स्टेशन पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर सीनियर अधिकारियों से लेकर सुपरवाइजर तक मौजूद रहेंगे, जिसकी सूची भी जारी कर दी गई है।

पाथरडीह में नए अंडरपास से मोहन बाजार, सिंदरी ब्लॉक हट और रखितपुर की राह आसान पाथरडीह में प्रस्तावित नए अंडरपास से मोहन बाजार से लेकर सिंदरी ब्लॉक हट व रखितपुर समेत आसपास जाने की राह आसान होगी।

यहां वाशरी तक जानेवाली मालगाड़ी के फाटक पर रुक जाने से हर दिन लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रहती है। मोहन बाजार से लेकर पाथरडीह रेल कालोनी तक पहुंचना भी मुश्किल होता है। अंडरपास बन जाने से बड़ी आबादी की मुश्किल आसान होगी।

गोमो-तेलो के बीच दो, तेलो-चंद्रपुरा के बीच दो, बरकाकाना-गोमिया, डालटनगंज - कजरी, हजारीबाग रोड-केशवारी, चेतर-रिचुगुटा, बोकारो थर्मल-गोमिया, टोलरा -गढ़वा रोड, रिचुगुटा -डेमू, डालटनगंज - कजरी, बरकाकाना - भुरकुंडा, पतरातु - टोकीसूद, कजरी-रझुरा, टोकीसूद - हेंदेगिर व कजरी - रझुरा।

## सनातन धर्म की शरण में आने वाला कोई भी जीव दुखी नहीं रह सकताः सुरेन्द्र हरिदास

**धनबाद/चासनाला, एजेंसी।** मोहनबाजार स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक सुरेंद्र हरिदास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की। सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने कथा पंडाल में बैठे सभी भक्तों को भजन गोविंद गोविंद गाइए राधे गोपाल कृष्ण गाईए श्रवण कराया। कहा कि सभी सनातनियों को इस बात का सौभाग्य मनाना चाहिए कि उन्होंने सनातन धर्म में जन्म लिया है। हमारे सनातन धर्म में पूरे विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। सनातन धर्म की शरण में आने वाला कोई भी जीव दुखी नहीं रह सकता है। सभी मानव सनातन धर्म के अंश है। लेकिन कुछ लोग यह मानने से इंकार करते हैं। भागवत का एक-एक शब्द सत्य है। क्योंकि भागवत स्वयं भगवान के मुख से निकली है। इसलिए भागवत का सम्मान करना चाहिए। मनुष्य को अपने अंदर के अंधकार को मिटाने के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है। वह ज्ञान कथा से प्राप्त होता है। धर्म मनुष्य से कहता है कि जो कर्म करने योग्य हो वही करो। जो करने योग्य नहीं है वो कभी मत करो। लेकिन कलयुग का मनुष्य वही करता है जो मन में आता है। बुरा करने से मनुष्य के साथ बुरा ही होता हैं।

## नक्सली संगठन जेजेएमपी के दस्ते ने पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को पीटा, पोकलेन मशीन के साथ भी की तोड़फोड़



**गढ़वा, एजेंसी।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में एक बार फिर नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद ने उत्पात मचाया है। मंगलवार की रात जेजेएमपी के दस्ते ने भंडरिया थाना क्षेत्र के आड़ा महुआ एवं कंजिया गांव को जोड़ने वाली सड़क में सरस्वती नाला पर पुल निर्माण स्थल पर पहुंच कर पोकलेन मशीन के साथ तोड़फोड़ की। साथ ही मजदूरों को भी बेरहमी से मारा-पीटा।

बताया जा रहा है कि आधा दर्जन की संख्या में जेजेएमपी के हथियारबंद दस्ता ने लेवी की मांग को लेकर पुल निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचा था। जेजेएमपी नक्सलियों ने पोकलेन मशीन में तोड़फोड़ की।

साथ ही आधा दर्जन मजदूरों के साथ भी मारपीट की। इसके बाद नक्सलियों ने वहां से कर्मियों के तीन मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल भी ले गए।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही भंडरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन मे जुट गई है। जबकि क्षेत्र में दहशत का महौल है।

बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से भंडरिया एवं आसपास के क्षेत्र में नक्सलियो ने विकास कार्य में लेवी की मांग को लेकर लगातार कार्य को बाधित कर रहे हैं।

कुछ दिन पहले भी जेजेएमपी नक्सलियों ने क्षेत्र में पर्चा साट कर सनसनी फैलाई थी। जबकि रंका में जेजेएमपी के कमांडर टुनेश उरांव के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ भी हो चुकी है। लेकिन आतंक का पर्याय बना टुनेश उरांव का दस्ता अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# बुढ़मू में बंद खदान धंसने से बड़ा हादसा, अवैध रूप से कोयला निकाल रहे 17 जख्मी



**बुढ़मू, एजेंसी।** बुढ़मू इलाके में मंगलवार की दोपहर बंद भूमिगत कोयला खदान धंस गई। इससे जमीन में बड़ी दरारें पड़ गईं। पुलिस का कहना है कि खदान के 11 नंबर के बंद मुहाने को खोलकर 17 लोग अवैध तरीके से कोयला खुदाई करने गए थे।

खदान धंसने से सुमित मुंडा, राकेश राम, मुकेश राम, सूरज सिंह, सागर मुंडा सहित 12 लोग जख्मी हो गए। खदान धंसने से कोयला निकाल रहे लोग हवा के दबाव में खदान के मुहाना की ओर आ गए। मुहाना पर आने की वजह से लोग खदान के बाहर निकल गए। कोयला निकाल रहे लोग मुहाने तक नहीं आते तो बड़ी घटना हो सकती थी। बुढमू थानेदार का कहना है कि पुलिस द्वारा तीन दिन पहले खदान का मुहाना बंद किया गया था। इससे गैस निकलने की वजह से भी लोगों की तबीयत खराब हो गई। खदान से निकलने वाले तीन लोगों का हाथ और पैर टूट गया है। खदान के अंदर कोई नहीं फंसा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय मुखिया चमरू लोहरा के संरक्षण में बंद खदान से कोयला निकाला जाता है। पुलिस या सीसीएल द्वारा जब भी भूमिगत खदानों के मुहानों को बंद कराया जाता है, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुछ ही दिनों में इसे फिर खोल दिया जाता है और अवैध निकासी शुरू हो जाती है। भूमिगत खदान को बंद होने के बाद इसे बालू या मिट्टी से भरने का प्रविधान है। लेकिन सीसीएल सिर्फ मुहानों को बंद कर पल्ला झाड़ लेती है। इस मामले में मुखिया चमरू लोहरा ने बताया कि आरोप गलत है।

# टीएसपीसी गिरोह के तीन खूंखार उग्रवादी गिरफ्तार, चर्चित कोल व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड को दिया था अंजाम



**चतरा, एजेंसी।** चतरा जिला पुलिस ने प्रदेश की राजधानी रांची सहित आधा दर्जन जिलों में आतंक मचाने वाले टीएसपीसी गिरोह के तीन दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सब जोनल कमांडर शोभित शर्मा उर्फ राजा उर्फ अभिषेक, एरिया कमांडर इरफान अंसारी उर्फ तूफान और संदीप लोहार उर्फ बलवंत का नाम शामिल है।

शोभित और संदीप रांची जिले के तथा इरफान लातेहार जिले का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने दो देसी पिस्टल, 7.65 एमएम का छह चक्र जिंदा गोली, 7.62 एमएम का तीन चक्र जिंदा गोली, चार मोबाइल, 14 पीस पर्चा, कोल व्यवसायियों का मोबाइल नंबर लिखा हुआ एक नोट बुक, दो पैकेट डायरी, लेवी से वसूली हुई 22,500 रूपया एवं घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त संचार उपकरण जब्त किया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर दी।

एसपी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से चतरा जिला के टंडवा एवं पिपरवार थाना क्षेत्र में कोल व्यवसायियों तथा विकास कार्य में जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सबजोनल अभिषेक उर्फ राजा उर्फ शोभित, एरिया कमांडर इरफान अंसारी उर्फ तुफान एवं सक्रिय सदसय बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम से रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी।

सूचना के आलोक में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में विशेष कार्यबल का गठन किया गया। गठित टीम ने राज्य के अलग-अलग जिलो से तीन दुर्दांत उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की तलाश चतरा के अलावा रांची, हजारीबाग, रामगढ़ और लातेहार जिला पुलिस लंबे समय से कर रही थी। बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियो ने ही चर्चित कोल व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे पर बज रहा था तमंचे पर डिस्को... युवक ने निकाला तमंचा और झोंक दी हवाई फायरिंग

**एटा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में डीजे पर तमंचा के साथ डांस करने का वीडियो सामने आया है। डीजे पर तमंचे पर डिस्को... गाना बज रहा था। परिवार के कुछ लोग डांस कर रहे थे। इसी समय एक युवक ने तमंचा निकाला और हवाई फायरिंग की। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कुछ ही समय में वीडियो वायरल हो गया। वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो जांच शुरू हो गई। यह वीडियो राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गढ़िया जगन्नाथ का निकला। पुलिस ने जांच के बाद मामला सही मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक: खुलेगा सॉल्व कॉपी का राज...या हो जाएगा दफन

**मैनपुरी , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली में रविवार को हल कॉपी के साथ सॉल्वर पकड़ा गया। पकड़े गए बिहार के अभ्यर्थी ने शातिर बुद्धि से मोबाइल का सारा डेटा डिलीट कर दिया है। अब पुलिस डेटा की रिकवरी करेगी। यह तरीका है जिससे राज खुल सकता है। एक्सपर्ट जल्द ही कामयाबी मिलने का दावा कर रहे हैं। उधर पुलिस भी परीक्षा केंद्र के बाहर सक्रिय मोबाइल के बारे में जानकारी जुटा रही है। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को डॉ. किरन सौजिया एकेडमी में बिहार के अभ्यर्थी रवि प्रकाश सिंह निवासी बरुना थाना नारायणपुर जिला भोजपुर बिहार को पकड़ा गया था। उसके पास दो कागज मिले थे। इनमें पुलिस भर्ती परीक्षा में आए 150 सवालों में से 114 सवालों के सही जवाब लिखे थे।

### चार दरिंदों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

**बरहज , एजेंसी।** कपरवार क्षेत्र में दरिंदगी की हदें पार करते हुए चार की संख्या में आए लोगों ने एक बगीचे से महिला को अगवा कर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी तलाश के बाद महिला करीब दो घंटे बाद एक ईंट भट्ठे के पास से मिली। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की। आरोपी कार्यक्रम में आए थे। जहां से महिला को अगवा कर लिए। क्षेत्र के एक बगीचे में सोमवार शाम को कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें सभी लोग डीजे पर थिरकते हुए मौज-मस्ती कर रहे थे। इसी बीच चार लोग मौका देखकर महिला को उठा ले गए। जहां सभी ने एक ईंट भट्ठा स्थित पथेरी में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। महिला सात बजे अचानक गायब हुई और काफी तलाश के बाद करीब दो घंटे बाद पथेरी में मिली। बदहवास महिला होश में आई तो उसने डॉयल 112 को फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुंची। जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो वे मौके पर पहुंचे और उससे पूछताछ की। इसी दौरान किसी ने महिला की बातचीत का वीडियो बना लिया। वीडियो में महिला बोल रही है कि किन-किन लोगों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया है। महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में उसके पति और बच्चे बदहवास हैं। हालांकि, मामले में सुलह-समझौता को लेकर पंचायत भी होना बताया जा रहा है। बगीचे में करीब 15-20 वर्ष से कुछ परिवारों ने डेरा डाला है। छह माह पूर्व भी एक युवती से ऐसी ही घटना हुई थी।

### ऑनलाइन ट्यूशन का झांसा देकर शिक्षक से 20 लाख ठगे, अकाउंट भी किया हैक...कई किस्तों में निकली रकम

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के किदवईनगर में रहने वाले शिक्षक को आर्मी अधिकारी बन साइबर ठग ने बेटे को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़वाने का झांसा दे कई बार में 20 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित को जब खाता खाली होने की भनक लगी तो उसने साइबर सेल में शिकायत की। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।जूही लाला कॉलोनी निवासी सत्यम सिंह पार्ट टाइम ट्यूशन/कोचिंग पढ़ाते हैं। सत्यम के अनुसार बीती चार अक्तूबर को मोबाइल पर एक कॉल आया। खुद को सेना में अफसर बताने वाले अनिल कुमार नाम के शख्स ने अर्बन प्रो एप से नंबर मिलने और बेटे को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़वाने के लिए कहा।

# यूपी का मौसम: देर रात तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश



### बारिश के साथ ओले गिरने का पूर्वानुमान

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में दिनभर के इंतजार और तीखी धूप के बाद मंगलवार को देर रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस दौरान हवा की रफ्तार 30-40 किमी प्रति घंटा रही। कई जगहों पर यह आंधी जैसा लगा। हजरतगंज, गोमतीनगर, एयरपोर्ट के आसपास समेत शहर के ज्यादातर इलाकों में बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 23 फरवरी तक यह सिलसिला जारी रह सकता है। इससे पहले दोपहर को तेज धूप से पारा चढ़कर 30 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन के तापमान में चार डिग्री तक गिरावट आ सकती है। लखनऊ में बारिश के आसार बने हुए हैं।

#### आज बारिश के साथ गिर सकते हैं ओले

वसंत पंचमी के बाद से मौसम ने करवट बदली और धूप तेज होने लगी। पर, मंगलवार को कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई और ओले गिरे। बुंदेलखंड और कानपुर के आसपास के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। वहीं बांदा-चित्रकूट, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर और महोबा में ओले गिरे। मौसम वैज्ञानिकों को अनुमान है कि अभी 23 फरवरी तक तेज हवा संग हल्की से मध्यम बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। बांदा के बबेरू में 15 से 20 गांवों जिनमें काजीटोला, कबीरपुर ,चौहान डेरा ,पिडारन, बाकल समगरा, सीरिया ताला, शमसुद्दीनपुर, औगासी, करहुली, भभुवा, अघाव आदि गांवों में 100-100 ग्राम के ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। हमीरपुर और महोबा में आंधी व बारिश के साथ ओलावृष्टि से मसूर, मटर, चना, गेहूं, सरसों आदि फसलें खेतों में गिर गईं। जालौन में भी शाम को करीब 20 मिनट ओलावृष्टि के साथ आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे 40 फीसदी गेहूं, सरसों, चना, मसूर, मटर की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

#### इन जिलों के लेकर भविष्यवाणी

लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, आगरा, फिरोजाबाद इटावा, मैनपुरी, औरैया व आसपास इलाके में ओले की चेतावनी जारी की गई है। उधर, तीखी धूप से दिन के तापमान में वृद्धि हो रही है। दिन का तापमान सबसे अधिक झांसी में 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा। फुरसतगंज में 30 डिग्री, सुल्तानपुर में 30.4, प्रयागराज में 32 और आगरा में 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, प्रदेश भर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री से 34.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। यह सामान्य से 6 डिग्री अधिक रहा।

#### इन इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी

गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, लखीमपुरखीरी, हरदोई, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा, एटा, आगरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया व आसपास के कई इलाके।

# राज्यसभा चुनाव: भाजपा-सपा के बीच मुकाबला 27 फरवरी को, किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया



**लखनऊ, एजेंसी।** राज्यसभा की दस सीटों पर हो रहे चुनाव में भाजपा और सपा के बीच 27 फरवरी को मुकाबला होगा। मंगलवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, नवीन जैन, तेजवीर सिंह, साधना सिंह, संगीता बलवंत बिंद और संजय सेठ उम्मीदवार हैं। वहीं, सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और आलोक रंजन चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा को आठवीं और सपा को तीसरी सीट के लिए संघर्ष करना होगा। भाजपा के पास आठ सीटों के लिए एनडीए गठबंधन, संभावित सहयोगी विधायकों सहित करीब 288 मत हैं। जबकि पार्टी को 296 मतों की आवश्यकता है।

गठबंधन टूटा तो सपा को लगेगा झटका

सपा और कांग्रेस का संभावित गठबंधन नहीं हुआ तो राज्यसभा चुनाव में सपा को झटका लग सकता है। सपा के 108 विधायक हैं। सपा को तीन सीटें जीतने के लिए 111 मतों की आवश्यकता है। सपा विधायक इरफान सोलंकी और रमाकांत यादव जेल बंद हैं। यदि इन दोनों विधायकों को जेल से मतदान करने की मंजूरी नहीं मिली तो सपा के पास मात्र 106 वोट ही रहेंगे। ऐसे में यदि सपा को कांग्रेस के दो विधायकों का वोट नहीं मिला तो तीसरी सीट पर तलवार लटक सकती है।

**मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य प्रत्याशियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए भाजपा की यात्रा अविराम जारी है।

### हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत और दो गंभीर घायल

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर देहात में रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर के पास हाईवे किनारे खड़े ट्रक में देर रात बाइक सवार पीछे से जा टकराए।हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए।चारों एक बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह से लौट रहे थे।गजनेर थाना क्षेत्र के शेरपुर-तरौंदा निवासी श्रीकांत के पुत्र आदित्य गौतम (17) व अमन गौतम (22) गांव के अजय गौतम (21) पुत्र रामजीवन और सूरज गौतम के पुत्र ज्ञानू गौतम (20) के साथ एक बाइक में सवार होकर चिरौरा निवासी लक्ष्मी नारायण के बेटी को शादी में गए थे।रात में लगभग एक बजे चारों घर जा रहे थे। विसायकपुर के पास एक ढाबा के सामने हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गए।हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी को जिला अस्पताल भेजा गया।इलाज के दौरान अजय गौतम की मौत हो गई, जबकि आदित्य की कानपुर में मौत हो गई।परिवार में कोहराम मचा है।थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव से पहले रालोद में बड़े बदलाव की तैयारी, जयंत चौधरी पदाधिकारियों से ले चुके हैं फीडबैक

**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा गठबंधन में जाने की तैयारियों के साथ ही रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव से पहले जयंत पूरे संगठन की ओवरहॉलिंग करेंगे। इसके लिए वे लगातार पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। माना जा रहा है कि वे पार्टी में प्रमुख पद लेने के बाद भी निष्क्रिय चल रहे कई प्रमुख पदाधिकारियों को हटाएंगे।



बदले हालात और लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ ही रालोद में भी हलचल बढ़ी है। हाल के दिनों में जयंत ने पहले प्रदेश अध्यक्ष, फिर सभी नौ विधायकों, फिर प्रदेश कार्यकारिणी व राष्ट्रीय पदाधिकारियों, युवा विंग और प्रवक्ताओं की भी बैठक की है। इसमें उन्होंने जहां संगठन के लिहाज से फीडबैक लिया है। वहीं निष्क्रिय नेताओं व पदाधिकारियों की सूची भी मांग ली है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और काम करने और न करने वालों की ग्रेडिंग करने को कहा है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में बड़े फेरबदल की तैयारी है। जल्द ही इसके परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने इन बैठकों में पांच साल क्षेत्र में सक्रिय रहे नेताओं को ही टिकट देने की बात कही है। सूत्रों का कहना है कि इस बीच कुछ अन्य दल के राष्ट्रीय नेता भी रालोद के संपर्क में आए हैं, जिनको जल्द ही पार्टी ज्वाइन कराने की भी तैयारी है।

भाजपा के साथ गठबंधन के औपचारिक एलान के बाद पार्टी एक बड़ा कार्यक्रम भी करेगी। इसकी भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बारे में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली में लगातार बैठकें कर रहे हैं। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव को लेकर उत्साहित हैं। लोकसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक बदलाव होंगे। वहीं जल्द ही कुछ अन्य दलों के नेता भी रालोद में शामिल होंगे।

# दो अलग-अलग स्थानों पर दो किसानों की मौत, एक पर बिजली का पोल...दूसरे पर एचटी लाइन का तार गिरा

**हमीरपुर , एजेंसी।** हमीरपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो किसानों की मौत हो गई। एक के ऊपर बीते दिन बारिश और ओलावृष्टि के चलते बिजली का पोल गिर गया था। वहीं, दूसरे की एचटी लाइन का तार गिरने से मौत हुई है। जनपद में मंगलवार को महज 15 मिनट आंधी और तेज बारिश के साथ हुई ओलों की बरसात से किसान सहम गया है, जिनकी फसलें नष्ट हो गईं। इसमें सदर तहसील क्षेत्र के विकास खंड सुमेरपुर में सबसे ज्यादा नुकसान है। ओले गिरने से खेत और सड़के सफेद हो गए थे। इसमें पंधरी गांव निवासी राम कुमार (70) पत्नी सिद्धा (75) उसके बेटे राम बाबू, दिलीप और बहू श्याम भी घायल हुई हैं। बताया कि वह सभी खेत में मटर की फसल काट रहे थे, तभी ओले गिरने लगे। उनको अस्पताल लाया गया है। वहीं, बेरी निवासी गंभीर घायल रामेश्वर को कानपुर रेफर किया गया है। पंधरी गांव निवासी गुड़िया (40) पत्नी राधेश्याम खेतों में काम कर रही थी। इसी दौरान शुरू हुई बारिश व ओलावृष्टि के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, माया देवी व शांति देवी भी घायल हो गईं, जबकि पारा गांव निवासी जनार्दन प्रजापति (55) खेत में काम कर रहा था।

**कानपुर में इलाज के दौरान मौत:** उसके ऊपर बिजली का पोल गिरने से कमर टूट गई, जिसकी कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इमिलया थोक निवासी चुन्नू कुशवाहा (90) ओले गिरने से घायल हो गए। वहीं, बेरी निवासी रामेश्वर(65) पुत्र रामसेवक आंधी में टीन गिरने से घायल हो गया। एसे कुरारा सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से कानपुर रेफर किया गया है।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** इसके अलावा, बुधवार को सुबह करीब 10 बजे जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम केमोखर से बाइक में सवार हो दूध लेने बिलगांव टीला जा रहे बृजेश यादव (40) पुत्र जागेश्वर के ऊपर बीच सड़क में ग्यारह हजार की विद्युत लाइन का तार टूट कर गिरा। बाइक सहित बृजेश की करंट में जलकर दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने हंगामा कर मौके से शव नहीं उठने दिया। इसके बाद एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे मौके पर पहुंचे और परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर हंगामा शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बस्ती से बाराबंकी के बीच मई से एक के पीछे एक सरपट दौड़ेंगी ट्रेनें

**गोरखपुर, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी से बस्ती स्टेशन के बीच मई से एक ही पटरी पर आगे-पीछे ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इसके लिए ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम का काम अप्रैल में पूरा हो जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने से ट्रेनों की सुरक्षा के साथ-साथ औसत गति में भी तेजी से सुधार आएगा। इससे यात्रियों की मुश्किलें भी कम होंगी।

अभी रेल खंडों पर एब्सोल्यूट ब्लॉक सिग्नल सिस्टम चल रहा है। इसके तहत एक ब्लॉक सेक्शन में ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने के बाद पीछे से आने वाली ट्रेन को हरा सिग्नल दिया जाता है। दो ट्रेनों के बीच आठ से दस किलोमीटर की दूरी होती है। इस वजह से पीछे से आने वाली ट्रेनें देरी की शिकार होती हैं। सिग्नल के इंतजार में ट्रेनें खड़ी कर दी जाती हैं, लेकिन अब इस सिस्टम में सुधार कर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत ट्रेनों का संचालन होना है। वहीं, ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक ब्लॉक बनेगा। ट्रेन जब एक ब्लॉक पार करेगी तो उसके पीछे की ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल जाएगा।



इस तरह से एक के पीछे एक ट्रेन चलाई जा सकेगी। इस सिस्टम में सिग्नल भी बढ़ जाएगा। पहले लाल फिर डबल, पीला फिर हरा सिग्नल दिखेगा। हर दो ब्लॉक के बीच एक हट बनाए जाएंगे। हट में सिग्नल से जुड़े संयंत्र रखे जाएंगे, ताकि सिग्नल में कोई फाल्ट आए तो तत्काल ठीक कर लिया जाए।

**दूसरे चरण में छपरा से प्रयागराज तक लगेंगे उपकरण:** ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को पूर्वोत्तर रेलवे के सभी रूटों पर लगाया जाना है। पहले चरण में बाराबंकी से छपरा तक कार्य पूरा होना है। इसके बाद छपरा से वाराणसी होते हुए प्रयागराज और उसके बाद बहराइच से सीतापुर रोड पर इस सिस्टम को अपडेट किया जाएगा। इस सिस्टम के शुरू होने पर पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ेगी।

सीपीआरओ, एनईआर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य मार्ग छपरा से बाराबंकी के मध्य ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

बाराबंकी से बस्ती के बीच का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। उम्मीद है कि मई में इस सिस्टम के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इनके चालू होने से लाइन की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ औसत गति में भी सुधार आएगा।

# 60 घंटे बाद गिरफ्त में आया तेंदुआ, चार घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

### तीन दिन भय के साए में रहे लोग

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के तहरबपुर के नैपुरा गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के जल निकासी पाइप में तीन दिनों छिपकर बैठे तेंदुए को आखिरकार गिरफ्त में ले ही लिया गया। वन विभाग व पुलिस कर्मियों ने चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पाइपलाइन में ड्रम को डाल कर प्रेशर से तेंदुआ को धकेल कर पिंजरे में कैद करने में सफलता हासिल किया।

मंगलवार सुबह से ही रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था लेकिन मुख्य अभियान शाम तीन बजे शुरू हुआ जो सात बजे तेंदुआ के पिजड़े में कैद होने के साथ पूर्ण हुआ। तेंदुए के पकड़े जाने तक लोग भय के साए में रहे।

**यह है पूरा मामला:** जिले में तेंदुए का आतंक विगत एक पखवारे से देखने को मिल रहा था। अहरौला में भी इसकी घेराबंदी हुई थी लेकिन वन विभाग की लापरवाही के चलते जाल काटकर तेंदुआ फरार हो गया था। इसके बाद रविवार को यूपीडा की



भ्रमण करने वाली टीम ने तहबरपुर के नैपुरा के पास तेंदुए को देखा और फोटो खींच लिया। इसके साथ ही सूचना वन विभाग को दी गई।

वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंची। इस बीच तेंदुआ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पाइप लाइन में घुस गया। इस दौरान वन विभाग की टीम की सक्रियता से पाइपलाइन के एक मुहाने को मिट्टी डालकर बंद किया गया। वहीं दूसरे मुहाने पर लोहे का बड़ा पिंजरा लगा दिया गया। 48 घंटे बाद भी जब तेंदुआ पिंजरे में नहीं आया तो सोमवार की शाम को गोरखपुर से वन संरक्षण अधिकारी बीसी ब्रह्मा के नेतृत्व में विशेष टीम जिले में पहुंची।

मंगलवार की सुबह से ही रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरुआत हुई। इसके बाद भी तेंदुआ बाहर नहीं निकला तो तीन बजे पाइप लाइन के बंद मुहाने को खेल कर उसमें ड्रम डाला गया, जिसे पाइप से प्रेशर के माध्यम से तेंदुआ को धकलने की कवायद शुरू हुई। सात बजे के लगभग वन विभाग व पुलिस कर्मियों की टीम तेंदुए को ड्रम की मदद से पिंजरे में धकेल कर कैद करने में सफल हुई। तेंदुआ को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुटी थी।

**यूपीडा ने रेस्क्यू के लिए उपलब्ध कराया संसाधन:** वन संरक्षण अधिकारी गोरखपुर बीसी ब्रह्मा ने सोमवार की शाम मौका मुआयना के बाद विशेष रेस्क्यू अभियान चलाने की रणनीति तय किया। इसके लिए ड्रम, वेल्डिंग मशनी, पाइप, जेसीबी आदि का इंतजाम यूपीडा ने किया। वहीं मानव संसाधन के रूप में वन विभाग के कर्मियों के साथ ही पुलिस कर्मी भी शामिल रहे। इनमें डॉ. बीसी ब्रह्मा, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र चौधरी, गंगाधर मिश्रा, वीर बहादुर यादव सिंह, यूपीडा के संजय चंदेल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

**मेडिकल के लिए गोरखपुर भेजा जाएगा तेंदुआ:** पिंजरे में कैद तेंदुआ काफी खुंखार दिख रहा। विभागीय सूत्रों की माने तो उसे मौके से सीधे गोरखपुर भेजा जाएगा। जहां उसका मेडिकल कराया जाएगा।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में बोरे में भरा मिला युवती का शव, हाथ-पैर बांधकर रखा था

**वाराणसी , एजेंसी।** बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक जूट के बोरे में युवती का हाथ-पैर बंधा हुआ शव मिला। घटना को लेकर मौके पर हड़कंप मच गया।

**यह है मामला :** जानकारी के अनुसार लखनऊ से बनारस स्टेशन आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस मंगलवार की रात प्लेटफार्म नंबर पांच पर आकर लगभग 8 बजे खड़ी हुई। देर रात लगभग 12:40 बजे स्टेशन मास्टर ने जीआरपी चौकी प्रभारी धनंजय मिश्र को गाड़ी संख्या 15108 के जनरल बोगी में बोरे में बंधी कोई वस्तु पड़े होने की सूचना दी। बताया कि बोरे से दुर्गंध आ रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई जीआरपी/आरपीएफ द्वारा बनारस पुलिस की मदद से बोरे को खोलकर देखा गया तो उसमें लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवती का शव पड़ा था। उसके हाथ व पैर में रस्सी बंधा हुआ था। डॉक्टर द्वारा परीक्षण भी कराया गया। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी जांच की। इस दौरान तलाशी में कुछ नहीं मिला। सूचना पर पुलिस उप अधिक्षक कुंवर प्रभात सिंह, जीआरपी कैंट प्रभारी हेमंत सिंह भी पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गए।



# सचिन तेंदुलकर ने विराट -अनुष्का को दी बधाई

## बोले- आपके खूबसूरत परिवार में एक अनमोल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत के मौजूदा समय के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को बेटे के जन्म की बधाई दी है।

विराट कोहली ने मंगलवार 20 फरवरी की रात को इस बात की घोषणा की कि वे 15 फरवरी को फिर से एक बच्चे के पिता बने हैं। विराट ने बताया था कि उन्होंने अपने बेटे और नाम अकाय कोहली रखा है। सचिन ने भी उनको बधाई भेजी है और कहा है कि आपके खूबसूरत परिवार में एक अनमोल शख्स जुड़ गया है। इस अवसर पर आपको ढेरों शुभकामनाएं।

सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली के एक्स पोस्ट के जवाब में लिखा, आपके खूबसूरत परिवार में एक अनमोल सदस्य अकाय के आगमन पर विराट और अनुष्का को बधाई! जैसे उसका नाम खुशियों से भरा है, वैसे ही वह आपकी दुनिया को अंतहीन खुशी और हंसी से भर दे।

यहां उन रोमांचों और यादों के बारे में बताया गया है जिन्हें आप हमेशा संजोकर रखेंगे। दुनिया में आपका स्वागत है, लिटिल चैंप! विराट ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा था, हमें सभी को यह बताते हुए दिल से बेहद खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को हमने अपने बेटे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया! हम अपनी जिंदगी के इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं।

हम आपसे गुजारिश करते हैं कि इस समय हमारे निजी जीवन का सम्मान करें। प्यार और आभार।

# मैं अंधा नहीं हूं...

# खिलाड़ी पर सवाल उठा तो झुंझला गए ब्रेंडन मैकुलम



**रांची, एजेंसी।** भारतीय टीम से लगातार दो हार के बाद इंग्लैंड की हालत खराब है। इंग्लिश मीडिया और पूर्व क्रिकेटर्स अपने खिलाड़ियों पर हमलावर हैं। इस बीच जॉनी बेयरस्टो निशाने पर हैं। उन्हें लेकर जब सवाल किया गया तो टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम झुंझला गए।

इंग्लैंड 434 रनों की भारी भरकम हार के बाद कोहराम मचा हुआ है। फेल होने वाले प्लेयर्स मीडिया के निशाने पर हैं। इस बीच टीम के हेड कोच और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम ने जॉनी बेयरस्टो को अपना सपोर्ट दिया है। उनका मानना है कि बेयरस्टो में किसी भी परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है।

मैकुलम की यह टिप्पणी राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड की 434 रनों से मिली हार के बाद आई है। बेयरस्टो ने भारतीय परिस्थितियों में संघर्ष किया है। 11 टेस्ट में उनका औसत 25 रहा है, जबकि उनके करियर का टेस्ट औसत 36 है।

### क्या रांची टेस्ट से बाहर होंगे जॉनी बेयरस्टो

बेयरस्टो को बाहर करने की मांगों के बावजूद मैकुलम ने उन्हें आत्मविश्वास देने और बाहरी आलोचना को नजरअंदाज करने के महत्व पर जोर दिया। मैकुलम ने कहा- हम जानते हैं कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी टीम के खिलाफ किसी भी परिस्थिति में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

### माइकल अथरटन ने भी दिया सपोर्ट, बोले- वह जल्द फॉर्म में लौटेंगे

बेयरस्टो को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का भी समर्थन मिला, जिन्होंने श्रृंखला के इस महत्वपूर्ण समय के दौरान बेयरस्टो का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

एथरटन ने कहा, उन्होंने जो कुछ भी किया है वह अपने खिलाड़ियों को सुरक्षा और यह अहसास दिलाने की कोशिश करने के बारे में है कि उन्हें पूरी तरह से समर्थन दिया जाएगा।

भारत के खिलाफ जारी सीरीज में बेयरस्टो का प्रदर्शन चर्चा का विषय रहा है। मैकुलम और एथरटन दोनों को उनकी चुनौतियों से उबरने की क्षमता पर भरोसा है। जैसे-जैसे बेयरस्टो भारतीय परिस्थितियों में सफलता के लिए प्रयास करते रहते हैं, उनके साथी खिलाड़ी और पूर्व कप्तान उनके साथ खड़े होते हैं।

टेबल टेनिस

# भारतीय महिला टीम विश्व चैंपियनशिप के नॉकआउट दौर में, पुरुषों ने न्यूजीलैंड को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे।

भारतीय महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। महिला टीम ने जहां, स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 से मुकाबला जीता। वहीं, पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। भारतीय महिला टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली।

श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। श्रीजा शुरुआती एकल में मारिया जियाओ से 9-11, 11-9, 11-13, 4-11 से हार गईं। सोफिया-जुआन झांग ने भारत की शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी मनिका पर 13-11,6-11,8-11,11-9,11-7 से जीत के साथ स्पेन का स्कोर 2-0 कर दिया। अयहिका ने तीसरे एकल में एल्विरा रेड को 11-8, 11-13, 11-8, 9-11, 11-4 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद मनिका ने चौथे एकल में मारिया को 11-9, 11-2, 11-4 से हराकर स्कोर 2-2 कर दिया। श्रीजा ने निर्णायक मैच में झांग पर 11-6, 11-13, 11-6, 11-3 से जीत दर्ज कर भारत को सफलता दिलाई।



### ओलंपिक टिकट के लिए चाहिए दो जीत

भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में एकमात्र हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश- सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लेंगी।

### मानुष ने दो गेम हारने के बाद की वापसी

पुरुष वर्ग में गत राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई ने चोई टिमोथी को 11-5, 11-1, 11-6 से तो साथियान ने डेला को 11-3, 11-7, 11-6 से हराया। उसके बाद मानुष शाह ने दो गेम हारने के बाद मैक्सवेल हेंडरसन को 10-12, 6-11, 11-4, 11-8, 11-6 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ग्रुप-3 में दक्षिण कोरिया और पोलैंड के बाद तीसरे स्थान पर रही।

# आईएलटी-20 लीग ने लगाया नूर अहमद पर एक साल का बैन



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के लेग स्पिनर नूर अहमद को इंटरनेशनल लीग टी20 यानी आईएलटी20 से एक साल के लिए बैन कर दिया गया है। अफगानिस्तान के एक और खिलाड़ी के साथ ऐसा हो चुका है। नूर अहमद को उनकी फ्रेंचाइजी शारजाह वॉरियर्स के साथ अनुबंध के उल्लंघन के लिए टी-20 की अनुशासनात्मक समिति ने 12 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नूर अपने साथी देशवासी नवीन उल हक के बाद इसी कारण से टी-20 द्वारा प्रतिबंधित होने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

19 वर्षीय नूर अहमद को शारजाह वॉरियर्स ने रिटेन किया था, लेकिन उन्होंने रिटेंशन नोटिस पर हस्ताक्षर करने के बजाय टी-20 टूर्नामेंट में भाग लेने का विकल्प चुना था। इसी वजह से उनके खिलाफ ये ऐक्शन लिया गया है। एसए20 में उन्होंने डरबन सुपरजायंट्स का प्रतिनिधित्व किया था। प्लेयर्स कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने से नूर के इनकार ने वॉरियर्स को मामले पर आगे की कार्रवाई के लिए आईएलटी-20 से संपर्क करने के लिए मजबूर किया।

अंतिम निर्णय पर आने से पहले अनुशासनात्मक समिति ने खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के लिए अलग-अलग सुनवाई की। शुरुआत में नवीन उल हक की तरह नूर पर भी 20 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन यह देखते हुए कि नूर पहले टी-20 सीजन से पहले नाबालिग था, सजा को घटाकर 12 महीने कर दिया गया।

नूर अहमद अब शायद अगले सीजन में भी आईएलटी20 लीग में नहीं खेल सकते हैं। ऐसे में उनके लिए ये बड़ा झटका है।

8 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अश्वथ ने

# ग्रैंडमास्टर को हराकर बनाया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**बर्न,स्विट्जरलैंड, एजेंसी।** शतरंज के क्षेत्र में भारतीय खिलाड़ियों का कम उम्र में नित नए रिकॉर्ड बना देना भौत ही सामान्य से घटना है और अब एक नया रिकॉर्ड भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ वर्षीय अश्वथ कौशिक ने बनाया है, वह क्लासिकल शतरंज में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए है। ठीक एक महीने पहले सर्बिया के लियोनिद इवानोविच ग्रैंडमास्टर अवॉन्डर लियांग को हराकर नौ साल से कम उम्र में किसी क्लासिकल टूर्नामेंट गेम में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न के ठीक बाहर आयोजित 22वें बर्गडॉर्फर स्टैडथॉस ओपन में, सिंगापुर के भारतीय मूल के अश्वथ ने उस रिकॉर्ड को लगभग पांच महीने से तोड़ दिया, उन्हे यह ऐतिहासिक जीत चौथे राउंड में पोलैंड के 37 वर्षीय जीएम जेसेक स्टोपा के खिलाफ मिलीइस मुक़ाबले के पहले अश्वथ नें अन्य खिलाड़ियों से लगातार तीन मुक़ाबले जीते थे।



# फुटबॉल: दिल्ली लीग में फिक्सिंग के आरोपों की जांच करेगा फुटबॉल महासंघ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली लीग में मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी का संदेह सोमवार को तब पैदा हुआ जब अहबाब एफसी ने रेंजर्स एफसी के खिलाफ मैच के आखिरी क्षणों में दो आत्मघाती गोल किए। अहबाब एफसी पहले इस मैच को 4-0 जीत रहा था लेकिन आखिर में उसने 4-2 से जीत दर्ज की।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) दिल्ली प्रीमियर लीग में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों के सामने आने के बाद इस खतरे की तह तक पहुंचने के लिए सरकारी एजेंसियों की मदद से देश के विभिन्न शहरों में जांच शुरू करेगा। दिल्ली लीग में मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी का संदेह सोमवार को तब पैदा हुआ जब अहबाब एफसी ने रेंजर्स एफसी के खिलाफ मैच के आखिरी क्षणों में दो आत्मघाती गोल किए। अहबाब एफसी पहले इस मैच को 4-0 जीत रहा था लेकिन आखिर में उसने 4-2 से जीत दर्ज की।



इन दोनों आत्मघाती गोल के वीडियो 'वायरल' हो गए। इसके बाद एआईएफएफ ने मंगलवार को इस संदेहास्पद मैच की विस्तृत जानकारी देने के लिए फुटबॉल दिल्ली के प्रमुख अनुज गुप्ता को तलब किया और उन्हें नोटिस भी सौंपा। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि वह जांच शुरू करने और सट्टेबाजी सिंडिकेट की तह तक जाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से संपर्क करेंगे।



खेलो इंडिया

# शुभ्रांत ने 200 मीटर में जीता सोना

**गुवाहाटी, एजेंसी।** वेटलिफ्टिंग के मुकाबलो में 55 भार वर्ग में पीआरएसयू के विजय कुमार महेश्वरी ने 224 किलो वजन उठाकर स्वर्ण जीता। 67 भारवर्ग में पीयू के टी धरुन ने 255 किलो वजन के साथ स्वर्ण अपने नाम किया।

तैराकों ने जैन यूनिवर्सिटी, बंगलूरू को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्णिम शुरुआत दिलाई है। शुभ्रांत पात्रा ने 200 मीटर बटरफ्लाई का स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल का स्वर्ण भी जीता। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के हर्ष सरोहा ने 50 मीटर बटरफ्लाई का स्वर्ण पदक जीता। सार्वजनिक यूनिवर्सिटी की कल्याणी सक्सेना ने 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले का स्वर्ण जीता।

यह उनका इन खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक है। वहीं सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल व टेक्निकल साइंसेज के एस धनुष ने 50 मीटथ ब्रेस्टस्ट्रोक का स्वर्ण जीता। उनका भी यह इन खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक है।

### वेटलिफ्टिंग में विजय, स्नेहा ने जीते स्वर्ण

50 मीटर बटरफ्लाई में हर्ष सरोहा ने 25.20 सेकंड का समय निकाला। वेटलिफ्टिंग के मुकाबलो में 55 भार वर्ग में पीआरएसयू के विजय कुमार महेश्वरी ने 224 किलो वजन उठाकर स्वर्ण जीता। 67 भारवर्ग में पीयू के टी धरुन ने 255 किलो वजन के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। 73 भारवर्ग में एसबीबीएसयू के जसकरण राम ने 271 किलो के साथ स्वर्ण जीता।

लड़कियों के 55 भार वर्ग में केआईआईटी की स्नेहा ने 172 किलो वजन उठाकर स्वर्ण जीता। पंजाब यूनिवर्सिटी की रमनदीप को ने 165 किलो के साथ रजत और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की शालू ने 159 किलो के साथ कांस्य पदक जीता। 59 भार वर्ग में सीयू की उषा ने 185 किलो के साथ और 64 भार वर्ग में जीकेयू की पूजा राजेश ने 176 किलो वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंडः

# रांची में होगा अंग्रेजों का असली टेस्ट!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम रांची पहुंची तो इंग्लैंड को परेशान करने वाला एक जाना-पहचाना चेहरा गायब था। मेजबान टीम चौथे टेस्ट में स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह के बिना मैदान में उतरेगी। चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत ब्रेक दिया है। बुमराह को ब्रेक देने को लेकर जानकारी दे दी थी। रोहित शर्मा के डिप्टी के अनुपस्थिति से भारतीय थिंक-टैंक प्लेइंग 11 को लेकर असमंजस में है।

पिछली चयन समिति की बैठक के दौरान चयनकर्ताओं ने टीम प्रबंधन को भविष्य को ध्यान में रखते हुए बुमराह को आराम देने की जरूरत के बारे में जानकारी दी थी। जानकारी के अनुसार जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट खेलने का इच्छुक थे, लेकिन आईपीएल और टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने उन्हें रांची टेस्ट से बाहर बैठने की सलाह दी है।

धर्मशाला में अंतिम मैच में उनकी जरूरत पड़ सकती है। अब तक के तीन टेस्ट मैचों में स्पिनर्स से ज्यादा बुमराह ने अपनी घातक रिवर्स स्विंग से इंग्लैंड को परेशान किया है। हालांकि, वर्कलोड मैनेजमेंट किसी दिक्कत की वजह से नहीं हो रहा, लेकिन पीछे उनकी पीठ की समस्याओं को देखते हुए उन्हें आराम देना जरूरी था। अब जब उन्हें आराम दे दिया गया है तो दो बड़े सवाल हैं। प्लेइंग 11 में उनकी जगह कौन लेगा? कैसी पिच होगी?

### रांची में इंग्लैंड का असली टेस्ट

इंग्लैंड की टीम भले ही 2 टेस्ट हारी हो, लेकिन उसने हथियार नहीं डाले हैं। राजकोट में उसका प्रदर्शन खराब रहा। रांची में उनका असली टेस्ट हो सकता है। भारतीय टीम टर्नर देकर इंग्लैंड को चौंका सकती है। प्लेइंगा 11 में बुमराह की जगह कौन लेगा यह भी पिच पर निर्भर करेगा। भारतीय टीम ने इस सीरीज में अभी तक पारंपरिक धीमी पिचों का चयन किया है। जो टेस्ट शुरू होने पर सपाट रहती हैं और धीरे-धीरे खराब होती जाती हैं।



### टर्नर पर विचार

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पहली बार भारत इस बात पर विचार कर रहा है कि टर्नर के लिए जाना चाहिए या नहीं। अगर ऐसा हुआ तो भारत बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए बुमराह की जगह वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को मौका दे सकता है। हैदराबाद,विशाखापत्तनम और राजकोट की तरह रांची में भी काली मिट्टी की पिचें हैं।

### मुकेश ने इंग्लैंड को नहीं किया परेशान

जानकारी के अनुसार अब तक पिच उसी तरह से तैयार की गई है जैसे हैदराबाद, विजाग और राजकोट में हुई थी। अगर टर्नर की मांग होती है तो ग्राउंडस्टाफ को थोड़ा बहुता पानी देना होगा या इसे पूरी तरह से रोकना होगा। रांची में भारत के पास मोहम्मद सिराज के जोड़ीदार के रूप में चुनने के लिए मुकेश कुमार और अनकैप्ड आकाश दीप हैं। विजाग में फ्लैट पिच पर खेले गए सीरीज के दूसरे टेस्ट में मुकेश ने इंग्लैंड को परेशान नहीं किया था।

### धर्मशाला में इंग्लैंड के मुफीद होंगी परिस्थितियां

2-1 की बढ़त लेने के बाद भारत इस बात से सावधान है कि कहीं वह अपनी लय न खो दे खासकर इसलिए क्योंकि धर्मशाला में पांचवें टेस्ट में कंडीशन इंग्लैंड के मुफीद होगा।

आकाश दीप ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन उन्हें शायद ही मौका मिले। एक अतिरिक्त स्पिनर को खिलाने पर एका विकल्प के रूप में विचार किया जा रहा है।

## एक नजर

### पोक्सो कोर्ट ने आरोपी को दिया दोषी करार

**औरंगाबाद (कां सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में स्पेशल पोक्सो कोर्ट के जज सुनील कुमार सिंह ने फेसर थाना के जीआर 56/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त फेसर निवासी योगेंद्र कुमार को भादंवि की धारा 376 और 4 पोक्सो एक्ट में दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को आज बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है। सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि -26 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक ने 17 अक्टूबर 2019 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि वह प्रतिदिन अपनी पत्नी के साथ काम करने गांव चले जाते थे। हमारी अनुपस्थिति में अभियुक्त पिछले माह से डरा-धमका कर हमारी नाबालिग लड़की के साथ गंदा काम करता था। जब भतीजी से पता चला तो अभियुक्त से पूछा तो वह इंकार करते हुए मारपीट करने को उतारू हो गया था। इसे लेकर ही प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पोक्सो कोर्ट में सुनवाई में काफी तेजी आई है। लगभग 400 के करीब मामले अभी पोक्सो कोर्ट में चल रहे है।

### जिला विधिक संघ की नव निर्वाचित कार्यसमिति का शपथ ग्रहण समारोह आज

**औरंगाबाद (कां सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद की 2024-26 के लिए नव निर्वाचित कार्यसमिति के सदस्यों के बीच प्रमाणपत्र वितरण और शपथ ग्रहण समारोह आज संघ के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। संघ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायधीश अशोक राज शामिल होंगे। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नव निर्वाचित कार्यसमिति के 27 सदस्य अपना-अपना पद ग्रहण करेंगे।

### शराब के नशे में धुत तीन शराबी गिरफ्तार

**नवीनगर(औरंगाबाद)(कां.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के नाउर गांव में चेक पोस्ट के पास से पुलिस गश्ती के दौरान एसआई सुदर्शन चौधरी एवं सशस्त्र बल द्वारा एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के दरूआ गांव निवासी मो. शाहिद राजा, रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र के रूदना गांव निवासी मो. अरमान एवं औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के शाहगंज निवासी मो. फैज को शराब के नशे मे पकड़ा है।थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के दौरान तीनो के शराब पीने की पुष्टि होने पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### नीटः राज्य के 35 जिलों में परीक्षा पांच मई को

**पटना (नि.सं.) ।** मेडिकल कॉलेजों के यूजी कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा पांच मई को होगी। आवेदन नौ मार्च तक लिया जाएगा। इस बार बिहार के 35 जिलों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाये गए। एनटीए ने परीक्षा शहर की घोषणा भी कर दी है। एनटीए की वरीय निदेशक (परीक्षा) डॉ. साधना पराशर ने बताया कि बिहार के पटना, अररिया, भोजपुर, अरवल, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, बक्सर, दरभंगा, मधुबनी, नालंदा, सीतामढ़ी, वैशाली आदि में परीक्षा केन्द्र बनाये जाएंगे।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक ने मारा टक्कर, दो की मौत, एक की हालत गंभीर

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** जिले के देव मोड़ से देव के तरफ जाने वाले रोड में दरभंगा मोड़ के समीप मछली गदी के सामने खड़ी ट्रक में पीछे से अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल ने जाकर टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। घायल युवक को स्थानीय लोगों के मदद से देव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

मृतक युवक की पहचान बनुआ गांव निवासी भीम साव के 22 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश साव और देव थाना क्षेत्र के क्रमडीह गांव निवासी गोपाल सिंह के पुत्र अजित कुमार के युवक बताया जा रहा है। जबकि घायल युवक की पहचान बनुआ गांव के ही जितेंद्र मिस्त्री के पुत्र निखिल शर्मा के रूप में हुई है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि तीनों तुतला भवानी से वापस अपने घर बनुआ लौट रहे थे। तभी दरभंगा मोड़ पर खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। घायल निखिल के माँ पूनम देवी ने बताया कि तीनों तुतला भवानी घूमने गयें थे। लौटते वक्त दरभंगा मोड़ के समीप मछली गदी के सामने ट्रक पीछे कर रही थी जिसमे टक्कर हो गई।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक हुई संपन्न, बूथ जीतने का लिया गया संकल्प



**नबीनगर(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नवीनगर में बुधवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में नवीनगर प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पांडेय ने की जबकि संचालन प्रखंड प्रवक्ता संजीव सिंह ने किया। बैठक में बूथ जीते चुनाव जीते के संकल्प के साथ सभी बूथ अध्यक्षों ने अपने बूथ को प्राथमिकता के आधार पर जीतने का संकल्प लिया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्रनाथ पटेल, अभियान समिति के अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष मंटू सिंह, विमलेश सिंह, दीनबंधु धर्मराज, सेक्टर प्रभारी नीतीश कुशवाहा, रवींद्र सिंह, नगर अध्यक्ष विंध्याचल सोनी, गोपाल ठाकुर, रजनीश सिंह, मोनू गुप्ता, उदय सिंह, कृष्ण मोहन मिश्रा, सुरेश सोनी, मिथिलेश कुशवाहा, विपुल पांडेय, पंकज मिश्रा, कृष्ण सिंह, श्रवण साव एवं संजय साव आदि मौजूद रहे।

## जन विश्वास यात्रा की सफलता को लेकर 23 फरवरी को औरंगाबाद के गांधी मैदान में तेजस्वी भरेंगे हुंकार

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा के तहत 23 फ़रवरी को शहर के गांधी मैदान पहुचेंगे। इसके मद्देनजर ज़िला अतिथि गृह में बुधवार को अयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आगमन एवं जन विश्वास यात्रा की सफलता को लेकर पार्टी की एक विशेष बैठक की गई। इस यात्रा के माध्यम से आम जनता के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी अपने 17 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों को बतायेंगे। जिसको लेकर जिला राजद की ओर से जोर-शोर से तैयारी चल रही है। ज्यादा से ज्यादा लोगों की भीड़ इकठ्ठा करने के लिए सभी तरह के प्रयास को करने में राजद के नेता-कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

जन विश्वास यात्रा में सभी को शपथ दिलाया जाएगा। यह लड़ाई आर पार की होगी, जो चुनाव तक चलेगी। श्री पासवान ने कहा कि हमारे नेता इस यात्रा में बतायेंगे कि जन विश्वास यात्रा की जरुरत क्यों पड़ी? कितने बढ़िया तरीके से सरकार चल रही थी। हमारे नेता अपनी घोषणा पत्र के अनुसार रोजगार, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क समेत कई मुद्दों पर काम भी कर रहे थे। इसी बीच में साजिश करके चल रही सरकार से नीतीश कुमार अलग हो गए जिसके बारे में बताने हमारे नेता आ रहे हैं। जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है।ज्यादा-से-ज्यादा भीड़ इकट्ठा कर विरोधियों को जवाब देने के उद्देश्य से राजद नेता और कार्यकर्ताओं ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के चहेते तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर नेता कार्यकर्ता के अलावा युवाओं में विशेष उत्साह है। युवा वर्ग ने 17 साल पर 17 महीना भारी है अब युवाओं की बारी है नारा दिया है। यात्रा की सफलता को लेकर तत्परता से जुड़े हुए है। इसमें औरंगाबाद ही नहीं बल्कि आस पास के जिलों से लाखों लोग जुटेंगे। इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चंदन कुमार को छात्र राजद के औरंगाबाद ज़िले का प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं विकास यादव को सह ज़िला प्रभारी नियुक्त गया है।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, यूसुफ आज़ाद अंसारी, जिला प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, बादशाह यादव, जिला पार्षद अनिल यादव, जीप प्रतिनिधि राजेश शर्मा, पूर्व जीप अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव, जीप सदस्य विकास पासवान, डॉ चंदन यादव, संजय यादव, इंदल यादव, उदय भारतीय, संतोष यादव, सिंटू कुमार, सुशील कुमार, संजय यादव, अशोक चंद्रवंशी, महफूज आलम, राजू यादव, चन्द्रशेखर मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।

## किसान जागरूकता कार्यक्रम : धान की लम्बी अवधि की प्रजातियों को लगाने से कम हो रहा रब्बी फसलों का उत्पादन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, सिरिस के तत्वावधान में रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा में बुधवार को किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार चौबे ने कहा कि किसानों को रब्बी फसलों को सही समय पर 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक किसी भी हालत में बुआई करनी चाहिए। कहा कि लम्बी अवधि के धान की रोपाई करने के कारण धान की कटाई नवम्बर के अंतिम सप्ताह से लेकर के दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक हो रही है। इसके कारण दलहन(चना, मसूर और खेसारी) तथा सरसों की बुआई भी दिसम्बर में किसान कर रहे है। साथ ही गेंहू की बुआई जनवरी के प्रथम सप्ताह तक भी कर रहे है। इसके कारण रब्बी की फसलो का उत्पादन कम हो रहा है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के वजह से समय से बारिश का नहीं होना एवं तापमान में समय से पहले ही वृद्धि होने के कारण भी फसलों का उत्पादन कम हो रहा है। उन्होने किसानों को मौसम अधारित खेती करने की सलाह दी ताकि किसान सभी मौसम में सही समय पर फसलों की बुआई करें जिससे उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो सके। कहा कि रासायनिक खेती से प्राकृतिक, मिट्टी एवं मनुष्य के स्वास्थ्य में भी काफी गिरावट आ रही है। रासायनिक खाद एवं पेस्टिसाइड के उपयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटती जा रही है। इसका असर उत्पादन पर भी पड़ रहा है। इस तरह के खाद्य पदार्थ के सेवन से मनुष्यों और जानवरों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। किसानों की पैदावार का आधा हिस्सा रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशकों में ही चला जाता है। इसलिए यदि किसान खेती में अधिक मुनाफा कमाना चाहते है तो उन्हे प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। उन्होने भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती को आवश्यक बताया। कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक डॉ. निकिता मिश्रा ने किसानों को खेती में कृषि यंत्रों के प्रयोग एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही किसानों को दवा के छिड़काव में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के नोजल वाले स्प्रेयर मशीन से खर पतवार नाशी, फफूंदनाशी, कीटनाशी दवा के छिड़काव के बारे में जानकारी दी। साथ ही मशीनों के रख रखाव और फसलों में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के लाभ के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम पर्यवेक्षक आनंद कुमार ने किया जबकि धन्यबाद ज्ञापन रणधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक किसान उपस्थित थे।

## 'उमंग-2024' में विजेता स्टूडेंट्स को दी गयी बधाई



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** प्रदेश की राजधानी पटना के पाटलिपुत्रा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, कंकड़बाग में राज्य के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के छात्रों की संपन्न चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 'उमंग-2024' में औरंगाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। औरंगाबाद के सरकारी ईंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों की टीम ने 400 मीटर रिले रेस में विजेता एवं बालिका टीम उप विजेता रही। बालिका टीम में सुष्मिता कुमारी वर्मा, माधुरी कुमारी, वीणा, सुरभि, काजल कुमारी, बालक टीम में दीपक कुमार, मंटू कुमार, दामोदर कुमार, कृष्ण मुरारी शामिल रहे। उमंग-2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महाविद्यालय के तरफ से इस प्रतियोगिता के लिए नियुक्त नोडल ऑफिसर प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने छात्रो को खेल के दौरान उनका उत्साह बनाए रखा। साथ ही सफलता पर छात्रो को शुभकामनाएं दी।

## मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



निज संवाददाता

**बारुण(औरंगाबाद)।** मतदाताओं को जागरूक करने व वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए नेहरू युवा केंद्र द्वारा कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन बारुण प्रखंड के सिरिस में किया गया, जिसमें 10 गांव की युवाओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। आयोजक ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे मतदाताओं को जागरूक करना है जो वोट देने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते हैं। टीम में शामिल युवाओं ने सभी लोगों से आग्रह किया कि जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है अपना नाम जुड़वा लें और जिनका वोटर आईडी नहीं है वह अपना वोटर आईडी बनवा ले। मतदान करना प्रत्येक जिम्मेवार नागरिक कर्तव्य है साथ-साथ राष्ट्र की तरक्की के लिए आवश्यक भी है। इस कार्यक्रम में रोशन कुमार, जितेंद्र मिश्रा, आदित्य कुमार, मदन सिंह, राजीव कुमार, निकिता नंदन, अजय कुमार, विनीत कुमार, विनय सिंह, राजीव कुमार, अरविंद राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय रसोईया का मानदेय 10 हजार रुपये करने की मांग



निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ(ऐक्टू) के बैनर तले बुधवार को गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन हुआ। संघ ने 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। विद्यालय रसोईया का मानदेय 1650 से बढ़ाकर न्यूनतम 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने को लेकर सरकार के खिलाफ में जमकर नारेबाजी की।

संघ के प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ाने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, 10 की बजाय 12 महीने का मानदेय भुगतान करने, एमडीएम से एनजीओ को बाहर करने समेत अन्य शामिल है। संघ की महासचिव सरोज चौबे व अध्यक्ष बीमा भारती ने कहा कि मांगों को अविलंब पूरा नहीं करने पर आगामी चुनाव में सरकार का बहिष्कार करने के लिए रसोईयां सड़क पर उतरेंगी। धरना स्थल पर माले विधायकों में सुदामा प्रसाद, महानंद सिंह, रामबली सिंह यादव, अमरजीत कुशवाहा, गोपाल रविदास ने रसोइयों के मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में रसोईयों के मानदेय वृद्धि पर काम आगे बढ़ा था, इस बीच सरकार बदल गई। मौके पर शशि यादव, रणविजय कुमार, मनीता देवी, आशा देवी, दिनेश कुशवाहा, मुर्तजा अली व अन्य उपस्थित थे।


## व्यापारिक घरानों में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा

**पटना (नि.सं.)।** मगध महिला कॉलेज के व्यवसाय प्रबंध विभाग की ओर से बुधवार को मोबाइल फोन ड्रामा, एप्लिकेशन ड्रामा, ब्रांड क्रूसेड, फेस पेंटिंग और रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौका राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस का था।

प्रतियोगिता में बीबीए विभाग के सभी सेमेस्टर की 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। ब्रांड क्रूसेड में नेस्वियर सेमेस्टर छह की छात्राएं तो फेस पेंटिंग में फेरारी सेमेस्टर छह और रोल प्ले में द सक्सेस सीकर्स सेमेस्टर चार की छात्राएं विजेता घोषित हुईं। मुख्य वक्ता मनीष बरियार ने बड़े व्यापारिक घरानों के प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी और उनकी ओर से निभाई जाने वाली भूमिका पर प्रकाश डाला। नए उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर दिया गया। बीबीए विभाग के डॉ. एम.एस गुप्ता ने जीवन में छात्राओं के बीच प्रबंधन शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज एवं इग्नू रीजनल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में की गई बैठक

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** बुधवार को इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद एवं इग्नू रीजनल सेंटर मीठापुर, पटना के संयुक्त तत्वाधान में एक ऑनलाइन प्रिंऐडमिशन काउंसलिंग जनवरी 2024 सेशन मीटिंग किया गया। जिसकी अध्यक्षता लर्निंग स्टडी सेंटर 05200 के कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार त्रिपाठी ने की। इस प्रि ऐडमिशन काउंसलिंग जनवरी 2024 सेशन मीटिंग में इग्नु रीजनल डायरेक्टर अभिलाष नायक, असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर आसिफ इकबाल सीनियर रजिस्ट्रार डॉ संजय पटेल एवं डॉ सालीनी दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा के संबोधन से हुआ उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस सेशन (जनवरी 2024) में ज्यादा से ज्यादा इनरोलमेंट हो, इसके लिए जितना संभव प्रयास हो सके मेरे तरफ से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि शेष बचे विषय भी जल्द ही स्टडी सेंटर 05200 में लाया जाए जिससे कि छात्र अपनी पसंद के विषय में नामांकन ले सके। आपको बताते चलें कि इस इग्नू लर्निंग सेंटर 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद से स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, हिन्दी एवं स्नातक इतिहास, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स सीआईटी में स्टडी सेंटर 05200 में नामांकन ले सकते है। रीजनल डायरेक्ट अभिलाष नायक ने बताया कि इग्नू का यह मीटिंग सिर्फ बच्चों का नामांकन कराना ही नहीं बल्कि इग्नू के बेस्ट मैटेरियल को हर स्टूडेंट तक पहुंचाना है जिससे छात्र उसका लाभ ले सके। बाकी शेष बचे विषय इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर 05200 सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में बहुत जल्द ही शुरू किए जाएंगे। आसिफ इकबाल ने बताया कि इग्नू में 150 से ज्यादा ऐसे कोर्स हैं जो एससी, एसटी के छात्रों के लिए निःशुल्क है। डॉ. शालिनी दीक्षित ने अपने संबोधन में इग्नु के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया उन्होंने कहा कि इसको प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है जिससे दूरदराज के छात्रों को इसके बारे में पता चले जिससे वे इसका लाभ उठा सकें। इस सेशन में नामांकन की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित है। धन्यवाद ज्ञापन इग्नू समन्वयक अरुण कुमार त्रिपाठी ने किया। ऑनलाइन मीटिंग में नीतू सिंह, डॉली सिंह, प्रवीण दुबे, शशि कांत कुमार, अभिषेक कुमार एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

## नाटक 'लो आई वापस सोने की चिड़ियां का मंचन

**पटना (नि.सं.)।** जन भारत रंग महोत्सव में नाट्य संस्था रंगम व माध्यम फाउंडेशन की ओर से बुधवार को गांधी मैदान में नाटक 'लो आई वापस सोने की चिड़ियां का मंचन किया गया। गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के पास ललित प्रकाश द्वारा लिखित व संतोष कुमार द्वारा परिकल्पित व निर्देशित किया गया। इसी के तहत संस्था फेसेस ने हनुमान नगर में और संस्था कला जागरण ने भी मंचन किया। विभिन्न जगहों पर हुए सभी नाटक वसुधैव कुटुंबकम् पर आधारित है। नाटक के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों पर सकारात्मक संदेश बताया है। इसमें कोरोनो जैसी महामारी से लेकर जी-20 सम्मलेन तक को भी बहुत सुंदर तरीके से कलाकारों ने अभिनय कर प्रस्तुत किया। मौके पर प्रतीक्षा आनंद, श्रेया सचदेवा, नियति कश्यप, निहाल कुमार दत्ता, शिवम कुमार, विवेक कुमार, चंदन कुमार, आसिफ अनवर, दीपक दुबे, अंशु कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## ऑनलाइन क्रीम के चक्कर में 82 हजार का लगा चूना

निज संवाददाता | पटना

पटना में कंचन झा को गूगल से कुरियर डिलीवरी बॉय का नंबर निकालना महंगा पड़ गया। महिला ने साइट से ऑनलाइन फेस पैक मंगाया था। सामान समय पर नहीं पहुंचा। महिला ने साइट से डिलीवरी बॉय का नंबर निकाला। महिला ने डिलीवरी बॉय को कॉल करके लेट का कारण पूछा। सामने से एड्रेस अपडेट करने को कहा गया। महिला को एक लिंक भेज कर कहा गया कि यूपीआई से एक रुपए डाल कर एड्रेस अपडेट कर दीजिए। 24 घंटे में सामान आपके दिए गए एड्रेस पर पहुंच जाएगा। इसके बाद महिला के खाते से 82000 रुपए कट गए। महिला ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। पटना के चितकोहरा की रहने वाली कंचन झा (पति नरेंद्र झा) से साइबर अपराधियों ने 82000 रुपए का फ्रॉड किया है। कंचन ने साइबर थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि एक साइट से ऑर्डर कर फेस पैक मंगाया था। सामान को 17 फरवरी तक आ जाना था। जब डिलीवरी नही आया तो कंचन ने 19 फरवरी को गूगल से इस साइट के डिलीवरी बॉय का नंबर निकाला और मोबाइल नंबर 9123882769 पर कॉल किया।

दूसरी तरफ से कहा गया कि आपका एड्रेस को अपडेट करना पड़ेगा। आपने जो एड्रेस लिखाया है उसके पिन कोड में कुछ गड़बड़ी है। आपको एक लिंक भेजा जा रहा है उस लिंक पर अपना एड्रेस डाल कर एक रुपए का यूपीआई पेमेंट कर के स्क्रीन शॉट ले कर मुझे भेज दीजिए। 24 घंटे में समान आप तक पहुंच जाएगा। जैसे ही कंचन ने ऐसा किया अगले ही मिनट उनके खाते से दो बार में 82000 रुपया कटने का मैसेज आया। फिर कंचन ने उसी नंबर पर कॉल किया लेकिन नंबर बंद बताने लगा। जिसके बाद 20 फरवरी को मामला दर्ज कराया गया। साइबर थाने की थानाध्यक्ष अनुराधा सिंह ने बताया कि कंचन झा के खाते से 82000 रुपए साइबर अपराधियों ने उड़ा लिए है। जिसके बाद आवेदन पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बैंक से इन पैसों से संबंधित ट्रांजेक्शन का डिटेल मांगा है। इससे ये पैसे किस खाते में गए हैं।